# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025










## खबर संक्षेप

### 40 करोड़ की नशीली दवाएं जब्त, एक गिरफ्तार

**इंफाल।** असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में जिरिबाम जिले से करीब 40 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिबंधित 'याबा' टैबलेट जब्त की हैं। अर्धसैनिक बल ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। थाई भाषा में 'क्रेजी मेडिसिन' के नाम से मशहूर 'याबा' मेथामफेटामाइन और कैफीन का एक घातक मिश्रण है। अभियान के दौरान 40 करोड़ रुपये अनुमानित मूल्य की 1,60,000 याबा टैबलेट बरामद की गईं।

# बच्चों को बचाते अपनी जान गवां दी मरणोपरांत दो समेत 20 'वीरों' को सम्मान

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन और बहादुरी के कामों की वजह से इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया। राष्ट्रपति ने 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया। वहीं 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी सहित अन्य को भी पुरस्कृत किया।*

### राष्ट्रपति ने प्रदान किए राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि पुरस्कार विजेता बच्चों ने अपने परिवारों, समुदायों और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोत्साहित किए जाने के मकसद से प्रदान किए गए यह पुरस्कार देश भर के सभी बच्चों को प्रेरित करेंगे। पुरस्कार देने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने विजेताओं के साथ फोटो शूट करवाया।




### मोदी ने कहा

#### बड़े सपने देखें, कड़ी मेहनत करें

राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत बच्चों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जेन जी और जेन अल्फा ही हमें विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे। मोदी ने कहा, 'मैं भारत के युवाओं से यही अपेक्षा करता हूं कि बड़े सपने देखें, कड़ी मेहनत करें और अपने आत्मविश्वास को भी कमजोर न पड़ने दें। भारत का भविष्य उसके बच्चों और युवाओं के भविष्य से ही उज्ज्वल होगा।

### इन्हें किया गया पुरस्कृत

वाका लक्ष्मी प्रज्ञिका (7 साल) खेल गुजरात। योगिता मंडावी (14 साल) खेल छत्तीसगढ़। अनुष्का कुमारी (14 साल) खेल झारखंड। शिवानी होसुरु उप्परा (17 साल) खेल आंध्रप्रदेश। वैभव सूर्यवंशी (14 साल ) खेल बिहार। ज्योति (17साल) खेल हरियाणा। धिनिधि देसिंघु (15 साल) खेल कर्नाटक। ज्योशना साबर (16 साल) खेल ओडिशा। विश्वनाथ कार्तिकेय ( 16 साल) खेल ▶▶ शेष पेज 6 पर

### छग की योगिता को सम्मान



*रायपुर/कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले की प्रतिभाशाली बालिका योगिता मंडावी को भी राष्ट्रपति ने सम्मानित किया है। योगिता ने जूडो खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बालिका गृह, कोण्डागांव में पली-बढ़ी योगिता को उनकी उल्लेखनीय खेल उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगिता मंडावी ने कम उम्र में ही जूडो खेल में अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया है। मात्र 13 वर्ष की आयु में उन्होंने राज्य की श्रेष्ठ जूडो खिलाड़ी का दर्जा प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की* ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

# मातम में बदली क्रिसमस की खुशियां, सड़क हादसे में 3 की मौत

- *खड़े ट्रक से टकराने पर दो की मौत, वाहन ने एक को कुचला*
- *रिंग रोड पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन बन रहे दुर्घटना का कारण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

शहर की रिंग रोड पर खड़े ट्रक से बाइक टकराने पर दो युवकों ने गुरुवार की रात दम तोड़ दिया। ट्रक के कारण दो परिवारों के क्रिसमस की खुशियां मातम में बदल गई। हादसे के तत्काल बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद लोगों में रोष है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। वहीं एक अन्य घटना में जशपुर में एक ट्रक की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात लगभग 9 ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की अस्पताल में मौत

क्रिसमस की छुट्टी पर घर जा रहे युवक की भी सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक को उपचार के लिए गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जशपुर जिले के सन्ना अंतर्गत उकई निवासी 28 वर्षीय सुदीप टोप्पो आ. विकास टोप्पो पिछले 12 वर्षों से शहर में रहकर दुकान में काम करता था। क्रिसमस की छुट्टी होने पर युवक त्यौहार मनाने के लिए 24 दिसंबर को बाइक से ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- यह कोई उपाधि नहीं

# नाम के साथ भारत रत्न या पद्म अवॉर्ड लिखना कानूनन गलत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक याचिका के केस टाइटल में पद्म श्री लिखे जाने पर आपत्ति की। कोर्ट ने कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें 2004 में पद्म श्री से सम्मानित डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्म श्री डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है।

### 3 श्रेणियों में दिया जाता है पद्म पुरस्कार

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, साइंस, इंजीनियरिंग, बिजनेस, इंडस्ट्री, चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के 1995 के फैसले का हवाला

*बाम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस सुंदरेसन ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र किया। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पद्म पुरस्कार और भारत रत्न उपाधि नहीं हैं और इन्हें नाम के आगे या पीछे इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सभी पर लागू होता है। इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि आगे की कानूनी कार्यवाही में सभी पक्ष और अदालतें इस नियम का पालन करें।*

#### शराब घोटाले की सुनवाई जल्द पूरी होने की संभावना

# शराब घोटाले में 29 हजार 981 पन्नों का फाइनल चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के चर्चित ढाई हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले में ईडी की विशेष अदालत में शुक्रवार को 29 हजार 981 पन्नों का अंतिम चालान पेश किया गया है। इस बात की पुष्टि बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने की है। बचाव पक्ष के वकील के अनुसार ईडी ने होटल कारोबारी लक्ष्मीनारायण उर्फ पप्पू बंसल सहित कुल 81 लोगों को आरोपी बनाया है। ईडी ने अब तक लक्ष्मीनारायण बंसल की गिरफ्तारी नहीं की है। बताया जा रहा है, लक्ष्मीनारायण बंसल के बयान के आधार पर ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल सहित अन्य लोगों को घोटाले में आरोपी बनाया है।

अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को तीन महीने के अंदर जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट पेश करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ईडी ने जांच में तेजी लाते हुए फाइनल चालान पेश किया है। ईडी द्वारा कोर्ट में फाइनल चालान पेश करने के बाद अब कोर्ट में जल्द ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनमें शराब बनाने वाली लिकर कंपनी से लेकर बड़े कारोबारी तथा आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं।




### इनको आरोपी बनाया गया है

ईडी द्वारा कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनके नाम इस प्रकार हैं... अनिल टूटेजा, अरविंद सिंह, अमित सिंह, मेसर्स अदीप एग्रोटेक, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, मेसर्स पेट्रोसन बायो रिफायनरी, मेसर्स ढिल्लन सिटी मॉल, अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी, मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज, नवीन केडिया, भाटिया वाइन मर्चेंट्स, भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया, वेलकम डिस्टलरीज, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, सिद्धार्थ सिंघानिया, मेसर्स टॉप सिक्यूरिटीज मैनेजमेंट, मेसर्स ओम साईं बेवरेज लिमिटेड, दिशीता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स नेक्स जेन इंजि. टेक प्राइवेट लिमिटेड, कवासी लखमा, चैतन्य बघेल, जनार्दन कौरव, अनिमेश नेताम, विजय सेन शर्मा, अरविंद कुमार पटले, प्रमोद कुमार नेताम, रामकृष्ण मिश्रा, विकास कुमार गोस्वामी, इकबाल अहमद खान, नितिन खंडुजा, नवीन प्रताप सिंह तोमर, मंजूश्री केसर, सौरभ बख्सी, दिनकर वासनिक, मोहित कुमार जायसवाल, नितू नोतानी ठाकुर, गरीब पाल सिंह, नोहर सिंह ठाकुर, सोनल नेताम, प्रकाश पाल, अलेख राम सिदार, आशीष कोसाम, अनंत कुमार सिंह, राजेश जायसवाल, ▶▶ शेष पेज 6 पर






#### हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 ने जारी की नई सूची

# नए साल से पहले भारतीय पासपोर्ट हुआ कमजोर खिसका 85वें स्थान पर, 12वें नंबर पर आया अमेरिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नए साल से पहले भारतीय पासपोर्ट को झटका लगा है। ग्लोबल रैंक में अब भारतीय पासपोर्ट 85वें नंबर पर खिसक गया है। पहले इसकी रैंक 80 थी। भारत के साथ अमेरिका को भी झटका लगा है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 ने नई सूची जारी की है। अमेरिकी पासपोर्ट की रैंक गिरने से अमेरिका की किरकिरी हो रही है। अब अमेरिका का पासपोर्ट 12वें नंबर पर पहुंच गया। पहले इसकी ▶▶ शेष पेज 6 पर



### बिना वीजा 59 देश जा सकते हैं

इन देशों भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग गिरने से अब भारतीय नागरिक दुनिया के 56 से 59 देशों में ही बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं। जबकि सिंगापुर के नागरिक 193 देशों, दक्षिण कोरिया के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भारतीय पासपोर्ट की गिरावट के तीन कारण

इंडेक्स में भातीय जानकारों की मानें तो इंडेक्स में भारतीय पासपोर्ट की गिरावट के 3 बड़े कारण हैं। दुनिया के कुछ देशों ने वीजा नियम सख्त किए हैं। भारत ने भी अपनी वीजा नीति भी काफी बदलाव करने सख्त किया। ग्लोबल रैंकिंग में अमेरिका ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इस साल पांच पायदान गिरा भारतीय पासपोर्ट

*दुनिया में भारतीय पासपोर्ट की स्थिति कमजोर हुई है। पिछले साल भारत ग्लोबल रैंकिंग में 80वें स्थान पर था। इस साल 5 पायदान गिरकर भारतीय पासपोर्ट 85वें नंबर पर पहुंच गया है। हालांकि सिंगापुर लगातार अपनी पहली रैंक बरकरार रखे हुए है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की लिस्ट ने दुनियाभर के पासपोर्ट की रैंकिंग जारी की है।*

# वो घटनाएं जो हर भारतीय को ताउम्र रहेंगी याद

## दे गईं जीवनभर का दर्द

साल 2025 इंडिया के लिए त्रासदियों भरा रहा। 2025 में भारत में वो 5 घटानाएं हुई हैं, जो देशवासियों के जेहन में दर्ज हो गई हैं। जिसमें प्रयागराज महाकुंभ भगदड़, अहमदाबाद विमान हादसा, पहलगाम आतंकी हमला, नई दिल्ली भगदड़ और दिल्ली आतंकी हमला शामिल हैं।


29.01.2025

### प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़

दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला प्रयागराज महाकुंभ, वैसे तो सफल रहा। लेकिन, 29 जनवरी 2025 को महाकुंभ में जो भगदड़ मची उसने एक दाग लगा दिया। जिसमें करीब 40 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों घायल हुए थे। यह हादसा मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान के दौरान हुआ था।


22.04.2025

### अहमदाबाद विमान हादसा

22 अप्रैल 2025 भारत के लिए कभी नहीं भूलने वाली तारीख है। इस दिन जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पर्यटकों पर आतंकियों ने हमला किया था। जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए तैयबा के एक संगठन ने ली थी।


22.04.2025

### पुलवामा में पर्यटकों पर आतंकी हमला

22 अप्रैल 2025 भारत के लिए कभी नहीं भूलने वाली तारीख है। इस दिन जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पर्यटकों पर आतंकियों ने हमला किया था। जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए तैयबा के एक संगठन ने ली थी।


11.09.2025

### दिल्ली लाल किला आतंकी हमला


19 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के पास एक भयानक आतंकी धमाका हुआ , जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस अटैक में 12 लोगों की मौत हुई थी। जिसे आत्मघाती हमला भी कहा गया, धमाके करने के आरोप में जिन 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया, उसमें 3 तो डॉक्टर हैं।


15.02.2025

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़

15 फरवरी 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हुई थी। यह लोग प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। लेकिन ट्रेन का प्लेटफार्म बदलने चलते यह भगदड़ मच गई थी।

## ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली



डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को एक बार फिर दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश की सत्ता संभाल ली। उन्होंने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। भारतीय समय अनुसार, रात लगभग 10.30 बजे ट्रंप ने यूएस कैपिटल के अंदर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश जान रॉबर्ट्स ने उन्हें शपथ दिलाई। ट्रंप से पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने शपथ ली थी।




दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है। बीजेपी ने 70 में से 48 सीटें जीती हैं, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) को 22 सीटें मिली हैं। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बनीं। उनका राजनीतिक सफर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से शुरू हुआ। वे दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की सचिव और अध्यक्ष रहीं। शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक चुनी गई रेखा गुप्ता ने 20 फरवरी 2025 को शपथ ली।

## सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी



अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर अन्य दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के ज़रिए पृथ्वी पर लौटे। 2024 के जून में सिर्फ आठ दिनों के लिए स्पेस स्टेशन गए थे, लेकिन जो स्टारलाइनर यान उन्हें वापस धरती पर लाने वाला था, वो खराब हो गया था इसलिए उन्हें इतना लंबा इंतजार करना पड़ा। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तट पर सुरक्षित रूप से उतारा।

# यादों में रहेंगे ये नाम, साल 2025 में दुनिया छोड़ गए ये भारतीय दिग्गज

साल 2025 में भारत ने कई दिग्गज हस्तियों को खो दिया। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, देशभक्ति सिनेमा के प्रतीक मनोज कुमार, सुपरस्टार धर्मेंद्र, अभिनेता पंकज धीर, ज़ुबीन गर्ग, प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार और शिवराज पाटिल जैसी हस्तियों के निधन से राजनीति और मनोरंजन जगत में गहरा शून्य रह गया।

### मनोज कुमार


**देशभक्ति सिनेमा का चेहरा**



'भारत कुमार' के नाम से मशहूर मनोज कुमार का 4 अप्रैल 2025 को 87 वर्ष की आयु में निधन हुआ। 1960-70 के दशक में उन्होंने हिंदी सिनेमा को देशभक्ति की नई पहचान दी।

### धर्मेंद्र

**सिनेमा का चलता-फिरता इतिहास**



धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को 89 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और गंभीर अभिनय, हर दौर में प्रासंगिक रहे धर्मेंद्र का जाना हिंदी सिनेमा के एक जीवंत अध्याय का अंत लगा।

### ज़ुबीन गर्ग

**असम की आवाज़ देश की पहचान**

ज़ुबीन गर्ग असम के सबसे बड़े सांस्कृतिक प्रतीक थे, जिन्होंने असमिया के साथ-साथ हिंदी, बंगाली और कई अन्य भाषाओं में गायन किया। 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में उनके निधन से संगीत जगत ने एक सशक्त और आत्मीय आवाज़ खो दी।




### सुलक्षणा पंडित

**अभिनय और सुरों का संगम**



हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री और सफल पार्श्व गायिका सुलक्षणा पंडित का 7 नवंबर 2025 को निधन हुआ। उन्होंने अभिनय के साथ-साथ अपनी मधुर आवाज़ से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई।



### सतीश शाहः सादगी में छिपा हास्य

सतीश शाह का 25 अक्टूबर 2025 को 74 वर्ष की आयु में निधन हुआ। फिल्मों और 'साराभाई vs साराभाई' जैसे टीवी शोज़ में उन्होंने साबित किया कि बिना ऊँची आवाज़ के भी गहरी कॉमेडी की जा सकती है।

### देब मुखर्जी

**सिनेमा की विरासत का शांत स्तंभ**

देब मुखर्जी का 14 मार्च 2025 को 83 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। मुखर्जी-समर्थ परिवार से जुड़े देब मुखर्जी शोर से दूर रहकर अभिनय की गरिमा निभाने वाले कलाकार थे और वे निर्देशक अयान मुखर्जी के पिता भी थे।



### गोवर्धन असरानी

**सदाबहार हास्य सम्राट**

असरानी, जिन्हें लोग सिर्फ उनके नाम से पहचानते थे, का 20 अक्टूबर 2025 को 84 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। 'शोले' के जेलर से लेकर 70-90 के दशक की अनगिनत कॉमिक भूमिकाओं तक, वे बॉलीवुड के सबसे प्रिय चरित्र कलाकारों में रहे।



बिलासपुर
शनिवार, 27 दिसंबर 2025
पौष शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 275
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 27.4
न्यून. 11.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 कोहली ने 29 गेंदों में लगाया अर्धशतक...
विचार पेज
2 एआई का ग्लोबल हब बनता भारत




# टी-20 मैच में बदलेगी दर्शकों की एंट्री व्यवस्था, तय समय के बाद बंद होंगे सभी गेट, नहीं मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


एक्सक्लूसिव

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 23 जनवरी को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले टी-20 मुकाबले को लेकर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम की एंट्री व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। दिसंबर में आयोजित वनडे मैच के दौरान दर्शकों को हुई अव्यवस्थाओं से सबक लेते हुए अब स्टेडियम के आधा दर्जन ▶▶|शेष पेज 6 पर

### टी-20 मैच में हर गेट पर तैनात रहेंगे क्रिकेट संघ के सदस्य

पिछले मैच के दौरान स्टेडियम में एंट्री व्यवस्था बिगड़ने के पीछे प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के गार्ड की लापरवाही भी सामने आई थी। जानकारी के अनुसार, कुछ गार्डों ने बड़ी संख्या में बिना टिकट वाले लोगों को स्टेडियम में प्रवेश दे दिया था, ▶▶|शेष पेज 6 पर

- भारत-न्यूजीलैंड टी-20 मुकाबले को लेकर तैयारी तेज, देर से पहुंचने पर नहीं मिलेगा प्रवेश
- वनडे मैच में दर्शकों को हुई परेशानी से सबक लेते हुए अब गेटों पर प्रवेश और बाहर निकलने का समय पहले से निर्धारित होगा



### समय निर्धारित करेंगे

स्टेडियम में गेट खुलने और बंद होने का समय निर्धारित किया जाएगा। दर्शकों को समय पर पहुंचकर एंट्री लेनी होगी। इस बार गेट में सीएससीएस के मेंबर भी रहेंगे। वनडे मैच में हुई गलतियों की समीक्षा कर टी-20 मैच में बेहतर व्यवस्था बनाई जा रही है, ताकि दर्शकों को दिक्कत न हो।

\- **विजय शाह**, डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ

### समय पर नहीं पहुंचे तो नहीं मिलेगी स्टेडियम में एंट्री

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने भारत-न्यूजीलैंड टी-20 मुकाबले के दौरान दर्शकों के लिए एंट्री को लेकर नियमों का पालन करना होगा। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि दर्शकों को अपने-अपने निर्धारित गेट से तय समय पर ही स्टेडियम में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एंट्री व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस प्रशासन की ली जा रही मदद

स्टेडियम में दर्शकों की एंट्री को लेकर हुई अव्यवस्था को दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ अब पुलिस प्रशासन की भी मदद ले रहा है। इस बार पिछली गलतियों की समीक्षा कर उन कारणों को बिंदुवार चिन्हित किया जाएगा, जिनकी वजह से स्थिति बिगड़ी थी। ▶▶|शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कबूतरों को दाना डालने पर पांच हजार का जुर्माना

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने के मामले में एक व्यवसायी नितिन शेठ को दोषी ठहराते हुए उस पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि यह कृत्य "जीवन के लिए खतरनाक बीमारियों के संक्रमण के फैलने की आशंका" पैदा करता है। बता दें कि यह मामला बीएमसी ने कबूतरों को दाना खिलाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ महीनों बाद आया है।

### बंगाली अभिनेत्री पर्णो मित्रा टीएमसी में शामिल

**कोलकाता।** बंगाली फिल्म अभिनेत्री पर्णो मित्रा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गईं। मित्रा वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मित्रा जुलाई 2019 में भाजपा में शामिल हुई थीं और 2021 में बारानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार थीं लेकिन तापस रॉय ने उन्हें हरा दिया था। रॉय 2024 की शुरुआत में टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये थे।

*भारतीय मौसम विभाग ने जताया पूर्वानुमान, घाटी में बारिश के साथ बर्फबारी की चेतावनी*

# दक्षिण में 70 घंटे में भारी बारिश का अलर्ट, उत्तर भारत में बर्फबारी-कोहरे का कोहराम, हवाई-रेल सेवाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग ने आईएमडी ने पहाड़ों पर एक बार फिर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से बारिश एवं बर्फबारी दर्ज होने का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही देश के कई राज्यों में जहां अभी घना कोहरा छाया हुआ है वहीं यह आगे भी जारी रहेगा जिससे जनजीवन सहित रेल, हवाई सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। आईएमडी ने तमिलनाडु और अंडमान निकोबार द्वीप समूह सहित दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में 70 घंटे के भीतर भारी बारिश को लेकर संभावनाएं व्यक्त की हैं। इसी प्रकार पूर्वोत्तर में भी कोहरा और ठंड बढ़ने के आसार जताए हैं। घने कोहरे के कारण देशभर में 50 से ज्यादा ट्रेनें घंटों देर से चल रही हैं वहीं कई उड़ानों पर भी इसका असर पड़ा है।

मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर के शेष दिनों में मौसम काफी तेजी से बदल सकता है। खासकर, पहाड़ी राज्यों में पश्चिमी विक्षोभ की आवाजाही रहेगी, जिससे 27, 28, 29 व 30 दिसंबर को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश बादल छाए रह सकते हैं। खासकर, ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पश्चिमी विक्षोभ से घाटी में बारिश के आसार

कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 27 दिसंबर से एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होगा, जिससे घाटी में मौसम खराब होगा। सोनमर्ग जम्मू-कश्मीर में ऊंचाई वाले कुछ इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। वहीं, 30 दिसंबर से एक जनवरी के बीच हल्की बर्फबारी की संभावना है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 2.2 डिग्री सेल्सियस है।

### इन राज्यों में जारी रहेगी शीतलहर

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इस सप्ताह दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़-झारखंड में दिन में शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी, जिससे कड़ाके की सर्दी का सिलसिला जारी रहेगा।

### पंजाब का मौसम झूलेगा 5 व 6 डिग्री के बीच

पंजाब में शीतलहर और कोहरे के ग्राफ में इजाफा होने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य के अधिकांश भागों में कुहासा छाए रहने से यातायात धीमा है। आईएमडी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमृतसर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री, बठिंडा में 5.5 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने वाला है।

### हरियाणा भीषण ठंड व कोहरे की चपेट में

समूचा हरियाणा भीषण ठंड और कोहरे की चपेट में हैं। आईएमडी ने बताया कि फरीदकोट प्रदेश का सबसे ठंडा जिला है, जहां न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। आने वाले तीन दिनों में अंबाला में 7.7 डिग्री, हिसार में 5.5 डिग्री, करनाल में 6.6 डिग्री, नारनौल में 5 डिग्री, रोहतक में 6.6 डिग्री, भिवानी में 6.7 और सिरसा में न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया जा सकता है।

### यूपी में छाया रहेगा घना कोहरा

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के अधिकांश भागों में घना कोहरा विजिबिलिटी को प्रभावित कर रहा है जो आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। घने कोहरे के कारण सड़क यातायात और ट्रेन सेवाएं प्रभावित हैं। आईएमडी का अनुमान है कि अगले 3 दिन में 2 से 3 डिग्री न्यूनतम तापमान में कमी आ सकती है, जिससे कड़ाके की सर्दी का एहसास होगा।



### दिल्ली में अभी और गिरेगा तापमान

दिल्ली में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिन में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

*केरल में रचा इतिहास*

# तिरुवनन्तपुरम में पहली बार भाजपा का मेयर वामपंथी किला ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| तिरुवनन्तपुरम

केरल की राजधानी तिरुवनन्तपुरम में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है, जो अपने आप में एक इतिहास है। कुर्सी पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम जिले के पूर्व अध्यक्ष वीवी राजेश (50) बैठेंगे। राजेश को 101 सदस्यीय निगम में 50 भाजपा पार्षदों और एक निर्दलीय सदस्य का समर्थन प्राप्त हुआ। उनके विपरीत कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ उम्मीदवार केएस सबरीनाथन को 17 वोट मिले, जबकि वामदल के नेतृत्व वाले एलडीएफ उम्मीदवार आरपी शिवाजी को 29 वोट मिले थे।



भाजपा ने तिरुवनन्तपुरम निगम में 4 दशक के एलडीएफ किले को ध्वस्त किया है।

### कौन हैं वीवी राजेश?

राजेश पेशे से वकील होने के साथ भाजपा के राज्य सचिव और संगठनात्मक नेता हैं। वह 1996 से राजनीति में सक्रिय हैं। इससे पहले वह तिरुवनंतपुरम जिला अध्यक्ष और भाजपा युवा मोर्चा के राज्य अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने 2021 के केरल विधानसभा चुनावों में वट्टियूरकावु सीट से चुनाव लड़ा और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वीके प्रशांत के बाद 39,596 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### कोंडूगानूर वार्ड से जीते हैं चुनाव

तिरुवनंतपुरम नगर निगम में राजेश का पार्षद के रूप में यह दूसरा कार्यकाल है। उन्होंने हाल ही में हुए निकाय चुनाव में कोडुंगानूर वार्ड से 515 वोटों के अंतर से जीत हासिल की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजेश को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी समर्थन प्राप्त है। बता दें कि पहले मेयर के लिए सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक आर श्रीलेखा का नाम चर्चा में था।

# हिंदू रीति-रिवाज से हुआ मृत महिला का अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

हरिभूमि फॉलोअप

धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ओडिशा सीमा से लगे ग्राम बोराई में एक महिला के निधन के बाद अंतिम संस्कार को लेकर उत्पन्न विवाद आखिरकार प्रशासन की सूझबूझ और ग्रामीणों के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गया। शुक्रवार की सुबह महिला का अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार संबंधित महिला ने कुछ वर्ष पूर्व ईसाई धर्म अपनाया था। उनके निधन के बाद परिजन गांव में ही शव को दफनाने की तैयारी कर रहे थे, जिसका गांव के कुछ लोगों ने विरोध किया। विरोध के चलते परिजन शव को लेकर नगरी पहुंचे, जहां दफन की तैयारी की जा रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही नगरवासियों ने भी आपत्ति जताई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ▶▶|शेष पेज 6 पर

- प्रशासन ने दोनों पक्षों की ली बैठक, बनी सहमति

### श्मशान घाट में विधिवत हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार

लंबी चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि यदि मृतका के परिजन हिंदू धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए सहमत होते हैं, तो गांव में ही अंतिम संस्कार की अनुमति दी जाएगी। इसके पश्चात शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे ग्राम श्मशान घाट में विधिवत हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। इस दौरान पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## हनुमंत कथा सुनने पहुंची कौशल्या देवी

**भिलाई।** पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को जयंती स्टेडियम भिलाई में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या देवी, सांसद विजय बघेल, बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय प्रमुख रूप से पहुंचे। कथा में पं. शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म और हिंदुओं की रक्षा के लिए माला व भाला साथ रखना आवश्यक है। जयंती स्टेडियम में कथा सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल, अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित अन्य भी ▶▶|शेष पेज 6 पर



*नए वर्ष पर लगभग 12 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना, अलग-अलग द्वारों होगी एंट्री*

# महाकाल मंदिर में 5 जनवरी तक भस्म आरती बुकिंग और प्रवेश व्यवस्था में बदलाव

एजेंसी ▶▶| उज्जैन

वर्ष 2025 की विदाई और नववर्ष 2026 के स्वागत के लिए उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। मंदिर समिति के अनुसार, 25 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच लगभग 12 लाख भक्तों के पहुंचने की संभावना है। अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने भस्म आरती की बुकिंग और प्रवेश द्वारों की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है



कि देशभर से आने वाले श्रद्धालु 'चलित भस्म आरती' (चलायमान दर्शन) के माध्यम से भगवान के दर्शन कर सकेंगे।

### दर्शन के लिए नई प्रवेश व्यवस्था

- सामान्य दर्शनार्थी : त्रिवेणी संग्रहालय द्वार से होते हुए 'श्री महाकाल महालोक' और मानसरोवर के रास्ते प्रवेश करेंगे।
- शीघ्र दर्शन- 250 रुपए टिकट : इन श्रद्धालुओं को बड़ा गणेश मंदिर के सामने स्थित निर्गम द्वार और शहनाई गेट से प्रवेश दिया जाएगा।
- स्थानीय निवासी (उज्जैन) : शहर के श्रद्धालुओं के लिए शहनाई गेट से प्रवेश की विशेष व्यवस्था रहेगी। विशिष्ट दर्शनार्थियों के लिए नीलकंठ द्वार निर्धारित किया गया है।



## चिंतन

# गंभीर प्रदूषण में साफ हवा, सबका अधिकार

वायु प्रदूषण ने लोगों की समस्या बढ़ा दी है। लोग जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इससे महिलाएं, बच्चे, बूढ़े और जवान हर कोई परेशान है। प्रदूषण के कारण कई गंभीर बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। अब नया विवाद बढ़ा है एयर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी को लेकर। इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है, क्योंकि गंभीर प्रदूषण के समय यह लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि जब सरकार शुद्ध हवा उपलब्ध नहीं करवा सकती तो एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है। याचिकाकर्ता इसे मेडिकल डिवाइस मानकर जीएसटी घटाकर 5% करने की मांग कर रहे हैं, ताकि आम आदमी इसे खरीद सके, जबकि केंद्र सरकार जीएसटी काउंसिल के अधिकार क्षेत्र का हवाला दे रही है, जिससे साफ हवा के अधिकार और सरकारी जवाबदेही पर बहस छिड़ गई है। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि अगर आप स्वच्छ हवा नहीं दे सकते, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी तो कम कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि एयर प्यूरीफायर को विलासिता की वस्तु नहीं माना जा सकता है, खासकर जब दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो। चूंकि देश के हर नागरिक को स्वच्छ हवा का अधिकार है और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को स्वच्छ हवा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक है। एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को प्रदूषण से बचने में मदद मिलेगी। सरकार को लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने के लिए कदम उठाने चाहिए। इससे लोगों को गंभीर प्रदूषण से कुछ राहत मिलेगी। बता दें कि भारत में वायु प्रदूषण का 51% औद्योगिक प्रदूषण, 27% वाहनों से, 17% फसलों को जलाने से और 5% अन्य स्त्रोतों से होता है। वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 20 लाख भारतीयों की असमय मृत्यु हो जाती है। वहीं, दुनिया की बात करें तो हर साल प्रदूषण से 35 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है। प्रदूषण इस समय भारत ही नहीं, दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में वायु प्रदूषण कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन चुका है। आने वाले सालों में प्रदूषण से लोगों की सेहत और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल और ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या हर साल और गंभीर होती जाएगी। पिछले 10 सालों में हृदय रोगों में बढ़ोतरी को अक्सर मोटापे से जोड़ा गया, लेकिन इसमें कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की बड़ी भूमिका है। इंग्लैंड स्थित लिवरपूल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट और भारत सरकार की कोविड-19 एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य मनीष गौतम ने कहा कि वायु प्रदूषण पर सरकार का नया फोकस जरूरी है, लेकिन इसमें काफी देरी हो चुकी है। प्रदूषण को लेकर तमाम देश प्रयास कर रहे हैं, कई बार सम्मेलन भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। प्रदूषण एक विनाशकारी समस्या है जो हमारे अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। इसे रोकने के लिए सरकार, उद्योग और प्रत्येक नागरिक को मिलकर काम करना होगा। स्वच्छ हवा, पानी और स्वस्थ पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित और सुखी जीवन जी सकें।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# एआई का ग्लोबल हब बनता भारत

वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। उम्मीद करें कि देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर प्रकाशित हो रही वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। 2023 में भारत सातवें स्थान पर था। खास बात यह है कि इस रैंकिंग में भारत को यूके और दक्षिण कोरिया जैसे उच्च तकनीकी वाले देशों से आगे रखा जाना इस बात का प्रतीक है कि भारत एआई के क्षेत्र में नई उभरती हुई शक्ति और एआई का ग्लोबल हब हुए दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि 10 दिसंबर को विश्व प्रसिद्ध अमेरिका की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एमेजोन ने 2030 तक भारत में एआई को लेकर 35 अरब डॉलर के नए निवेश करने का ऐलान किया है। इसके एक दिन पहले 9 दिसंबर को माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 17.5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया था। ये कंपनी द्वारा पूरे एशिया में अभी तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। इनके अलावा पिछले दो महीनों में गूगल और टीपीजी ने भी भारत में 16 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका की वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक कंपनी ब्रुकफील्ड ऐसेट मैनेजमेंट ने मुंबई के पवई में एशिया का सबसे बड़ा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) बनाने पर एक अरब डॉलर का निवेश किए जाने का ऐलान किया है।

एआई को लेकर नई निवेश प्रतिबद्धताओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब एआई की बात आती है तब दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। भारत के युवा ऐसे एआई निवेश का फायदा उठाकर नवाचार करेंगे और एआई की शक्ति का उपयोग आर्थिक और सामाजिक विकास में करेंगे। इस समय भारत में एआई पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। फॉर्च्यून बिजनेस इनसाइट्स के मुताबिक भारत में एआई का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जहां वर्ष 2025 में भारत का एआई बाजार 13.05 अरब डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है, वहीं यह बाजार आकार 2032 में 130.63 अरब डॉलर मूल्य का अनुमानित है। भारत में प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में 60 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं, और पिछले वर्ष शुरू किए गए नए स्टार्टअप में से लगभग 89 फीसदी ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया है। एआई अपनाने वाले अग्रणी क्षेत्रों में औद्योगिक और ऑटोमोटिव, उपभोक्ता वस्तुएं और खुदरा क्षेत्र, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं तथा बीमा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी मिलकर एआई के कुल मूल्य में लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फ़ीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच



जाने की उम्मीद है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। अब उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, सर्विस सेक्टर तथा अन्य क्षेत्रों में एआई के अधिक उपयोग से भारत को 2030 तक 33.8 लाख करोड़ का आर्थिक लाभ हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत जैसे-जैसे रणनीतिक रूप से एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत की नई पीढ़ी एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। 26 दिसंबर को ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन ने कहा कि कहा कि अब ऊंचे वेतन वाली नई नौकरियां सिर्फ एआई पेशेवरों को मिलते हुए दिखाई देंगी। उनके मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राष्ट्रीय, श्रम शक्ति नीति 2025 के मसौदे के तहत स्वीकार किया है कि भारत का श्रम बाजार ढांचागत बदलाव से गुजर रहा है और अब एआई और नए कौशल विकास पर जोर देना जरूरी है। नीति आयोग की रिपोर्ट रोडमैप फॉर जॉब क्रिएशन इन द एआई इकोनॉमी 2025 के मुताबिक एआई के बढ़ते प्रभाव से जहां 2031 तक बड़ी संख्या में पारंपारिक नौकरियां खत्म हो सकती हैं, वहीं एआई से जुड़ी करीब 40 लाख नई नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। जहां भारत की नई पीढ़ी के लिए देश में एआई से जुड़ी नौकरियाँ बढ़ रही हैं, वहीं एआई स्किल्स से प्रशिक्षित भारतीय युवाओं के लिए विदेशों में भी मौके बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से देश की नई पीढ़ी के लिए एआई आधारित नौकरियों के बढ़ते अवसरों के बीच नई पीढ़ी को एआई पेशेवर के रूप में सुसज्जित करने की बड़ी चुनौती भी सामने खड़ी हुई है।

अगर इस परिप्रेक्ष्य में तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो भारत न केवल दूसरे देशों से एआई प्रतिभा के क्षेत्र में पीछे हो जाएगा, बल्कि एआई से होने वाले बहुआयामी विकास में भी पिछड़ जाएगा। ऐसे में हमें देश की नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह सराहनीय कदम है कि शिक्षा मंत्रालय ने नई पीढ़ी को प्रारंभिक स्तर से ही भविष्य की तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़े जाने के मद्देनजर आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से देशभर के सभी स्कूलों में तीसरी कक्षा से ही एआई पढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि हैदराबाद स्थित उसका 'इंडिया साउथ सेंट्रल क्लाउड रीजन' साल 2026 के मध्य में शुरू हो जाएगा, जिसका कुल आकार लगभग दो ईडन गार्डन स्टेडियम के बराबर है। उम्मीद करें कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में आगामी वर्ष में भारत तीसरी रैंकिंग से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मिर्जा गालिब
श्वेता गोयल



# कलम का जादूगर, जो वक्त की बेड़ियों में न बंध सका

दिल्ली की पुरानी गलियों में आज भी अगर ध्यान से सुना जाए तो कहीं न कहीं एक ठहरी हुई उदासी, एक बगावती मुस्कान और एक गहरी दार्शनिक आहट सुनाई देती है। यह आहट मिर्जा गालिब की है। 27 दिसंबर 1797 को आगरा के काला महल में जन्मे मिर्जा असदउल्लाह बेग खान, जिन्हें दुनिया 'गालिब' के नाम से जानती है, केवल एक शायर नहीं थे बल्कि अपने समय की विडंबनाओं, मनुष्य की टूटन, प्रेम की असफलताओं और जीवन की तल्ख सच्चाइयों के सबसे प्रखर गवाह थे। उनकी शायरी पढ़ते हुए ऐसा लगता है, मानो शब्द नहीं बल्कि अनुभव बोल रहे हों; मानो हर शेर के पीछे कोई टूटी हुई उम्मीद, कोई अधूरी मोहब्बत या कोई असह्य सच खड़ा हो। गालिब की जिंदगी स्वयं एक लंबी गजल थी, कभी उसमें दुख झलकता था, कभी संघर्ष की कहानी सुनाई देती थी। बचपन में ही पिता का साया उठ जाना, फिर कम उम्र में विवाह, संतान-सुख का अभाव और आर्थिक असुरक्षा, इन सबने उनके व्यक्तित्व को भीतर तक झकझोर दिया। सात संतानें हुई लेकिन नियति ने एक को भी उनके पास नहीं छोड़ा। यह निजी त्रासदी कभी दर्द बनकर, कभी दर्शन बनकर उनकी शायरी में बार-बार लौटती है। गालिब का दुख रोना नहीं बनता, वह सवाल बनता है जिंदगी से, खुदा से और खुद से भी। भाषा के स्तर पर गालिब का प्रयोग अपने आप में क्रांतिकारी था। वे मूलतः फारसी के शायर थे और फारसी को ही श्रेष्ठ मानते थे लेकिन उर्दू में उन्होंने जो



रचा, उसने उर्दू को नई ऊंचाइयां दी। उनकी उर्दू में फारसी की गहराई है, दर्शन की जटिलता है और अनुभूति की तीव्रता है। यही कारण है कि उनकी शायरी पहली नजर में कठिन लगती है लेकिन जैसे-जैसे पाठक उसमें उतरता है, वह अपनी ही जिंदगी के सवालों से रूबरू होने लगता है। गालिब किसी आसान दिलासा के शायर नहीं हैं बल्कि वे सोचने पर मजबूर करते हैं। दिल्ली गालिब की रचनात्मक आत्मा का सबसे बड़ा मंच रही। किशोरावस्था में ही वे दिल्ली आ गए थे और यहीं उनकी शायरी ने आकार लिया। मुगल दरबार में उनकी मौजूदगी केवल एक दरबारी शायर की नहीं थी बल्कि एक स्वतंत्र चेतना की थी। आखिरी मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर स्वयं शायर थे और गालिब की प्रतिभा को पहचानते थे। दरबार में उन्हें सम्मान मिला, खिताब मिले लेकिन गालिब का स्वभाव किसी भी सत्ता के आगे पूरी तरह झुकने का नहीं था। वे अपनी शर्तों पर जीने वाले फनकार थे, थोड़े बेपरवाह, थोड़े विद्रोही और पूरी तरह ईमानदार। 1857 का विद्रोह गालिब की जिंदगी में निर्णायक मोड़ लेकर आया। दिल्ली उजड़ गई, मुगल साम्राज्य का अंत हो गया और गालिब की आर्थिक रीढ़ भी टूट गई। जो पेंशन और संरक्षण उन्हें दरबार से मिलता था, वह एक झटके में खत्म हो गया। यह दौर उनकी जिंदगी का सबसे कठिन समय था लेकिन इसी समय उनकी शायरी में वह तीखापन आया, जिसने उन्हें 'आम आदमी का शायर' बना दिया। भूख, तंगी और अपमान के बीच लिखे गए उनके शेर किसी व्यक्तिगत पीड़ा तक सीमित नहीं रहे बल्कि वे पूरे समाज की टूटन का बयान बन गए। गालिब का व्यक्तित्व जितना जटिल था, उतना ही मानवीय भी। शराब और जुए की आदतें, जेल जाना, आर्थिक बदहाली, ये सब उनकी छवि के ऐसे पहलू हैं, जिन्हें अक्सर नैतिकता के चश्मे से देखा गया। लेकिन गालिब को समझने के लिए उस नैतिकता से बाहर आना पड़ता है। वे अपने दोषों को छिपाते नहीं थे बल्कि उन्हें स्वीकार करते थे। यही स्वीकार्यता उन्हें आधुनिक बनाती है। गालिब की शायरी प्रेम की भी है लेकिन वह पारंपरिक इश्क नहीं है। उनके यहाँ मोहब्बत आदर्श नहीं, अनुभव है जिसमें चाहत है, धोखा है, तड़प है और आत्म-संघर्ष भी है। उनका प्रेम ईश्वर तक पहुंचता है, फिर उससे सवाल करता है और अंततः मनुष्य की सीमाओं पर आकर ठहर जाता है। इसीलिए गालिब आज के युवा को भी उतने ही अपने लगते हैं, जितने अपने समय में थे। 1954 में बनी फिल्म मिर्जा गालिब ने उनके जीवन और संघर्ष को परदे पर उतारा, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। बाद में 1988 में गुलजार द्वारा निर्मित टीवी श्रृंखला मिर्जा गालिब ने उनकी शायरी और व्यक्तित्व को घर-घर पहुंचा दिया। इन प्रस्तुतियों ने यह साबित किया कि गालिब किसी एक युग के नहीं हैं बल्कि वे हर युग में नए अर्थों के साथ लौटते हैं। गालिब आज भी इसलिए जिंदा हैं क्योंकि उन्होंने मनुष्य को उसके पूरे सच के साथ देखा, बिना सजावट, बिना झूठे दिलासे के और यही गालिब की अमरता है।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भक्ति करने से चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है



संकलित
दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

## गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर



संकलित
प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## श्याम महोत्सव



कानपुर में शुक्रवार को श्याम महोत्सव कार्यक्रम के लिए जुलूस के दौरान लोग धार्मिक झंडे लेकर सड़क पर निकले।

## आज की पाती

### मुंबई की सियासत में बदलाव

कट्टर हिंदुत्ववादी और मराठी अस्मिता के प्रखर प्रतीक बाला साहेब ठाकरे के जाने के बाद जिस शिवसेना की राजनीति बिखराव, टूट और आपसी संघर्ष की मिसाल बन गई थी, वही राजनीति अब एक बार फिर एकता के सूत्र में बंधती दिखाई दे रही है। वर्षों तक एक-दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने 'बंटेंगे तो बिखरेंगे' की सोच के साथ आगामी महानगरपालिका चुनाव एक साथ लड़ने का निश्चय कर महाराष्ट्र की राजनीति में नया अध्याय खोल दिया है। यह फैसला सिर्फ एक चुनावी समझौता नहीं, बल्कि बाला साहेब की विरासत को फिर से जीवित करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बाला साहेब ठाकरे के जीवित रहते शिवसेना एक मजबूत कैडर आधारित पार्टी थी, जिसकी जड़ें मुंबई से लेकर महाराष्ट्र के कोने-कोने तक फैली थीं।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### पराक्रम को नमन

वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के अमर साहिबजादों के अद्वितीय साहस और अपूर्व त्याग का राष्ट्रीय स्मरण है, जिन्होंने अन्याय के सामने झुकने के बजाय स्वाभिमान और सत्य का मार्ग चुना। उनके अतुलनीय त्याग और पराक्रम को नमन।

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री



### वीर बाल दिवस

वीर बाल दिवस साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान, माता गुजरी के साहस और गुरु गोविंद सिंह के शाश्वत मूल्यों को नमन करता है। उनकी विरासत हमें मूल्य-प्रेरित बच्चों के पालन-पोषण के प्रति प्रेरित करती है।

- अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री



### विनम्र श्रद्धांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया। देश के वंचितों और गरीबों के लिए उनके ऐतिहासिक प्रयासों और साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर एक नई पहचान दिलाई।


- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### जयंती पर नमन

शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि की अस्मिता, गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनका अद्वितीय साहस, अटूट संकल्प और बलिदान भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में सदैव अंकित रहेगा।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



## करंट अफेयर

# पाक में अब भी रह रहे 20 लाख अफगान शरणार्थी


पाकिस्तान से वर्ष 2025 में 10 लाख से अधिक लोगों के स्वदेश लौटने के बावजूद वहां अब भी 20 लाख से ज्यादा अफगान शरणार्थी रह रहे हैं। 'डॉन' समाचार पत्र ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के आंकड़ों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। 'डॉन' समाचार पत्र ने एजेंसी के आंकड़ों के हवाले से बताया कि केवल नवंबर महीने में ही 1,71,055 अफगान नागरिक अपने देश लौटे, जिनमें से 37,899 को चमन, तोरखम और बाराबचा सीमाओं के जरिये निर्वासित किया गया। इसी महीने यूएनएचसीआर के प्रत्यावर्तन केंद्रों के माध्यम से 31,500 से अधिक 'प्रूफ ऑफ रजिस्ट्रेशन' (पीओआर) कार्डधारकों को भी अफगानिस्तान भेजा गया। नवंबर में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर बढ़े तनाव के कारण मानवीय सहायता कार्यों में बाधा आई और सीमा पार आवाजाही प्रतिबंधित रही। इसके चलते संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों को चमन सीमा क्षेत्र से अस्थायी रूप से हटना पड़ा। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में 'अवैध विदेशी प्रत्यावर्तन योजना' (आईएफआरपी) के तीसरे चरण के कड़े कार्यान्वयन के बावजूद, यूएनएचसीआर और उसके सहयोगियों ने आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित कीं। इनमें महिलाओं, लड़कियों और बच्चों के लिए सुरक्षित स्थानों की बहाली के साथ-साथ कानूनी और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जारी रखना शामिल है।



## ऑफ बीट

# तैराकी के बाद कान से पानी कैसे निकाला जा सकता है ?

तैराकी गर्मियों के दिनों की सबसे मजेदार गतिविधियों में से एक है। लेकिन पानी से बाहर आने पर शरीर सूख जाने के बावजूद आप को यह लग सकता है कि कान में पानी रह गया है। ऐसी स्थिति में कान भरा-भरा या बंद सा महसूस हो सकता है, आवाजें धीमी या दबी-दबी सुनाई दे सकती हैं, और कभी-कभी गुड़गुड़ाहट या सरसराहट जैसी आवाजें भी सुनाई देती हैं। आम तौर पर पानी खुद-ब-खुद निकल जाता है। आप सोचते होंगे कि कान की नली सीधी होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। यह दो जगह मुड़ी होती है, और कुछ लोगों की कान नली स्वाभाविक रूप से अन्य लोगों के मुकाबले अधिक पतली होती है। कान की नली के अंदर बाल और 'वैक्स' सुरक्षा के लिए मौजूद होते हैं। अपने कान के निचले हिस्से (ईयरलोब) को हल्के-से ऊपर-नीचे खींचें और जिस कान में पानी भरा है, उसे अपने कंधे की ओर झुका लें। इससे कान की नली सीधी हो जाती है और गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पानी बाहर निकलने लगता है। करवट लेकर लेटें : एक तौलिये पर कुछ मिनटों के लिए उसी साइड करवट लेकर लेटें, जिस कान में पानी है, फिर दूसरी करवट पलट जाएं। यहां भी गुरुत्वाकर्षण पानी निकालने में मदद करता है। गर्मियों में धूप और तौलिये की गर्मी कान के अंदर के पानी को और जल्दी सुखाने में मदद करती है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


MARUTI SUZUKI
NEXA
UNMISSABLE. UNMATCHED.
GRAB THE DEAL OF THE YEAR ON XL6.
EFFECTIVE PRICE OF
₹10.67 LAKH*
XL6
XL6
TIME TO INDULGE
VENTILATED SEATS
6-SPEED AUTOMATIC TRANSMISSION
WITH PADDLE SHIFTERS
3 years
100 000 km
WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
NEXA
SAFETY
SHIELD
SCAN TO CONNECT TO
A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @
WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
Creative Visualisation. T&C available at your nearest dealership. *Ex. showroom Price of Rs. 11.52 lakh, Consumer Offer (-) Rs. 40 000, Scrappage Bonus (-) Rs 35 000, ISL Offer (-) Rs 10 000 = Rs. 10.67 lakh. The actual Effective Price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. Offer valid on XL6 Zeta Variant. Not valid on CNG variants. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. For details on safety features (including airbags), refer owner's manual. NEXA dealers exclusively provide all offers, which vary by model and variant. Offers are subject to availability of stock. Maruti Suzuki may withdraw offers without notice. Offer valid till limited period. Features and accessories shown can vary by variant. *Warranty: 3 years or 1 00 000 km, whichever occurs first.

# अगरबत्तियों के लिए नया बीआईएसी मानक, सुरक्षा, बाजार को बढ़ावा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विश्व में अगरबत्ती का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक भारत उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक नया गुणवत्ता मानक लेकर आया है जिसके तहत अगरबत्ती निर्माण में कुछ कीटनाशक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

■ कीटनाशक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया

इस कदम से करीब 8,000 करोड़ रुपये के अगरबत्ती बाजार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उपभोक्ता सुरक्षा, घर के अंदर वायु गुणवत्ता, पर्यावरणीय स्थिरता और नियामकीय अनुपालन पर बढ़ते जोर के मद्देनजर अगरबत्तियों के लिए एक अलग से भारतीय मानक 'आईएस 19412:2025' विकसित किया गया है।

## भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक

### ये आवश्यकताएं तय की गई

*इसमें कच्चे माल, जलने की गुणवत्ता, सुगंध प्रदर्शन और रासायनिक मानकों से जुड़ी आवश्यकताएं तय की गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और समान गुणवत्ता वाले उत्पाद मिल सकें। मंत्रालय ने कहा, /"इससे उपभोक्ता विश्वास बढ़ेगा, नैतिक और टिकाऊ विनिर्माण पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा, पारंपरिक कारीगरों को समर्थन मिलेगा और वैश्विक बाजारों तक पहुंच बेहतर होगी।/"*

### 150 से अधिक देशों को निर्यात

*लगभग 8,000 करोड़ रुपये वार्षिक आकार वाले भारतीय अगरबत्ती उद्योग से हर साल 1,200 करोड़ रुपये मूल्य की अगरबत्तियों का निर्यात होता है। भारत अमेरिका, मलेशिया, नाइजीरिया, ब्राजील और मेक्सिको सहित 150 से अधिक देशों को अगरबत्तियां निर्यात करता है।*



### निषिद्ध पदार्थों की सूची तय की

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अगरबत्ती में उपयोग के लिए निषिद्ध पदार्थों की एक सूची भी तय की है। सूची में एलेथ्रिन, पर्मेथ्रिन, साइपरमेथ्रिन, डेल्टामेथ्रिन और फिप्रोनिल जैसे कुछ कीटनाशक रसायन शामिल हैं। इसके अलावा बेंजिल सायनाइड, एथिल एक्रिलेट और डाइफिनाइल एमीन जैसे कृत्रिम सुगंध मध्यवर्ती रसायनों पर भी रोक लगाई गई है।

### वैश्विक प्रतिबंधों को ध्यान में रखा गया

यह मानक कुछ सुगंधित यौगिकों और रसायनों पर वैश्विक स्तर पर लगाए गए प्रतिबंधों को भी ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नए मानक का अनुपालन करने वाले उत्पाद बीआईएस मानक चिन्ह भी ले सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आत्मविश्वास के साथ सूचित विकल्प चुनने में मदद मिलेगी।

### कई श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया

इन पदार्थों में से कई मानव स्वास्थ्य, घर के अंदर वायु गुणवत्ता और पर्यावरणीय सुरक्षा पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित हैं। नए गुणवत्ता मानक के तहत अगरबत्तियों को मशीन निर्मित, हाथ से बनी और पारंपरिक मसाला अगरबत्ती की श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

## खबर संक्षेप

### टाइटन बीऑन ब्रांड के बने हीरे के कारोबार में उतरेगी




**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी आभूषण निर्माता कंपनी टाइटन ने शुक्रवार को 'बीऑन' ब्रांड नाम के तहत प्रयोगशाला में बने हीरे के कारोबार में प्रवेश की घोषणा की। कंपनी प्रयोगशाला में बने किफायती हीरे पर ध्यान केंद्रित करते हुए 29 दिसंबर को मुंबई में एक स्टोर खोलेगी। टाटा समूह द्वारा संचालित कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

### रुपया 15 पैसे कमजोर होकर 89.86 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव में रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 89.86 के भाव पर बंद हुआ। आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग आने और व्यापार समझौते से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक

### भ्रामक विज्ञापनों के लिए 'विजन आईएएस' पर जुर्माना




**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने शैक्षणिक संस्थान 'विजन आईएएस'' पर यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अपने छात्रों के प्रदर्शन के बारे में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कानूनों के तहत बार-बार अपराध करने पर जुर्माना लगाने का यह पहला मामला है।

### स्थापित क्षमता हासिल करने के अंतिम पांच वर्षों में भारत का प्रवेश

# वर्ष 2026 में सरकार का इस्पात उत्पादन बढ़ाने, कच्चे माल की सुरक्षा पर होगा जोर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार आने वाले वर्ष में इस्पात उत्पादन बढ़ाने और कच्चे माल की सुरक्षा को प्राथमिकता देती रहेगी, क्योंकि भारत 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता हासिल करने के अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है।

क्षमता विस्तार के साथ ही कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाने, हरित इस्पात क्षमता को बढाने और घरेलू उद्योगों तथा निर्यात बाजारों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष और उच्च-स्तरीय इस्पात के उत्पादन पर जोर बना रहेगा। इस्पात मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



■ भारत को 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित क्षमता हासिल करना है

■ क्षमता विस्तार के साथ कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर

■ निर्यात करने के लिए उच्च-स्तरीय इस्पात के उत्पादन पर जोर बना रहेगा

### एशियाई बाजार से आयात चिंता का विषय

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक है और सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण इस्पात की मांग को लगातार समर्थन मिल रहा है। हालांकि उद्योग के सामने चुनौतियां भी हैं, जिनमें बढ़ता आयात, कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताएं शामिल हैं। पहले से लागू सुरक्षा और एंटी-डंपिंग उपायों के बावजूद एशियाई बाजारों से आयात, घरेलू उत्पादकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### भारत ने अच्छी प्रगति की : जिंदल

जिंदल स्टील के चेयरमैन और भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने कहा कि भारत ने अच्छी प्रगति की है, लेकिन इसे और तेजी से लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगे का मार्ग निरंतर मांग सृजन, नीतिगत स्थिरता और साहसिक निवेश की मांग करता है।

### बाधाएं इस क्षेत्र में दबाव बना रही

उद्योग निकाय एसोचैम ने कहा कि सरकार का समर्थन महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन कोकिंग कोयले की बढ़ती लागत, ऊंचे लॉजिस्टिक खर्च, रेलवे रेक की सीमित उपलब्धता और अवसंरचना की बाधाएं अब भी इस क्षेत्र पर दबाव बना रही हैं। एसोचैम को नए साल में इस्पात की मांग बढ़ने की उम्मीद है और उसके मुताबिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों में आगे ढील दिए जाने की संभावना नहीं है।

### निर्यात पर दूसरे देश प्रतिबंध बढ़ा रहे

उद्योग निकाय ने कहा, ''भारतीय इस्पात निर्यात पर दूसरे देश व्यापार प्रतिबंध बढ़ा रहे हैं। यदि यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते होते हैं, तो कुछ राहत मिल सकती है, जिससे घरेलू उद्योग को समर्थन मिलेगा।''

### 2017 में राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की गई थी

सरकार ने मई 2017 में महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की थी, जिसका लक्ष्य लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ 20 करोड़ टन से अधिक इस्पात निर्माण क्षमता जोड़ना है। शोध फर्म बिगमिंट के अनुसार नवंबर 2025 तक भारत की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता 23.5 करोड़ टन थी और वित्त वर्ष 2025-26 तक इसके लगभग इसी स्तर पर बने रहने का अनुमान है।

### नए कोल भंडारों की खोज जारी

'कोकिंग कोयले के नए भंडारों की खोज की जा रही है और आपूर्ति में विविधता लाने के लिए हम संसाधन समृद्ध देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं।'' लौह अयस्क के लिए नीलामी पहले से ही चल रही है और इस्पात निर्माताओं को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# वर्ष 2025 के दौरान घरों की बिक्री 14 प्रतिशत घटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



■ रियल स्टेट फर्म एनारॉक ने जारी की रिपोर्ट

■ कीमतों में उछाल व आईटी क्षेत्र में छंटनियां प्रमुख वजह

घरों की कीमतों में उछाल और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में छंटनियां होने से देश के सात प्रमुख शहरों में वर्ष 2025 के दौरान आवासीय संपत्तियों की बिक्री में 14 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एनारॉक ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक की रिपोर्ट कहती है कि बिक्री घटने के बावजूद घरों की कीमतों में बढ़ोतरी होने से इस साल कुल बिक्री मूल्य छह प्रतिशत बढ़कर छह लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता, हैदराबाद और चेन्नई के आवासीय बाजारों में कुल 3,95,625 घरों की बिक्री हुई जबकि 2024 में 4,59,645 इकाइयों की बिक्री हुई थी। सलाहकार कंपनी ने बताया कि घरों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी, आईटी क्षेत्र में छंटनी का दौर शुरू होने, भू-राजनीतिक तनाव और अन्य आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण आवासीय मांग पर इस साल दबाव बना रहा। वर्ष 2025 के दौरान छह प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई।

कार्यालय, सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
Phone No.-07836233569, 07836232993,
Fax No. 07836232069, E.Mall-cakoreaco@gmail.com

क्र./3145 / जी.दी.स. / 2025 बैकुण्ठपुर, दिनांक 16/12/2025

**निविदा विज्ञापन**

जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. में नवीन फार्मेसी कक्ष निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित किया जाना है। इच्छुक फर्म/निर्माण एजेन्सी को निविदा दिनांक 26.12.2025 से 10.01. 2026 सायं 05:00 बजे तक सील बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित है। विस्तृत जानकारी नियम एवं शर्तें कोरिया जिले के www.korea.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं। सील बंद निविदा दिनांक 12.01.2026 को सुबह 11:00 बजे क्रय समिति के समक्ष सील बन्द निविदा खोली जावेगी।
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 10.01.2026
सील बंद निविदा खोलने की तिथि 12.01.2026

**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,**
**जिला-कोरिया (छ.ग.)**
संवाद - 46356

# चांदी 9,350 रुपए बढ़कर 2.36 लाख रुपए किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत शुक्रवार को 9,350 रुपये बढ़कर 2,36,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को चांदी की कीमत 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

पिछले चार कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमत 32,250 रुपये यानी 15.8 प्रतिशत बढ़ी है। यह 19 दिसंबर को 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इस साल चांदी की कीमत 31 दिसंबर, 2024 को 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी और तब से इसमें 1,46,650 रुपये यानी 163.5 प्रतिशत की तेजी आई है। इस बीच, सोने की कीमतों ने स्थानीय सराफा बाजार में अपनी तेजी बरकरार रखी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,42,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह पिछले कारोबारी सत्र में 1,40,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### कोयला, लिग्नाइट की खदानें खोलने के लिए मंजूरी की प्रक्रिया में बदलाव

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने कोयला और लिग्नाइट खदानों को खोलने से संबंधित अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए नियमों को संशोधित कर दिया है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन संशोधनों से प्रक्रियात्मक दोहराव हटाकर संचालन को तेज करने की सुविधा मिलेगी।

**नई दिल्ली।** छोटे उद्योगों पर बकाया कुल कर्ज बढ़कर 46 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 30 सितंबर तक इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सीआरआईएफ हाई मार्क - सिडबी की रिपोर्ट में कहा गया कि सक्रिय ऋण खातों की संख्या 11.8 प्रतिशत बढ़कर 7.3 करोड़ हो गई है।

DISTRICT PROJECT LIVELIHOOD OLLEGE SOCIETY
DANTEWADA DISTT. DANTEWADA (C.G.)
Dantewada-Geedam Road, Karli, Dantewada, 494441
Email:dplcdantewada@gmail.com, Contact No:- 9589573465
Res No./1078/DPLCS/RFP/2025-26 Dantewada
Date 23/12/2025

**Subject:** Request for Proposal (RFP) for Development, Installation, Operation and Management of a Tourism-Based Adventure Park at Barsur, District Dantewada, Chhattisgarh

**Issue Date: 23/12/2025**

The Dantewada District Administration, invites Expression of Interest (RFP) from eligible and experienced organizations (SHG federations, tourism start-ups, private companies) for the construction, operation, and management of Tourism-Based Adventure Park at Barsur, District Dantewada, Chhattisgarh

Tender, Submission, Deadline: **Last Date: 27/01/2026 till 4:00 PM**

**Opening Date: 28/01/2026 till 11: AM**

The detailed RFP document can be downloaded from the official website:

https://dantewada.nic.in/en

Eligible applicants must submit their physical proposals (in two envelopes - Technical and Financial) to: District Project Livelihood College Society Dantewada, Karli, Block Geedam DistricDantewada Pin code-494441 Address for post.

**Important Notes:**

Late submissions will not be considered. Proposals will be opened in the presence of the committee at the District Administration Office, Dantewada.

**Principal**
**District Project Livelihood College Society**
**Dantewada District Dantewada, Chhattisgarh**
**Pin code-494441**
S-46367

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुड़गाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**
**सार्वजनिक सूचना**
(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1618 दिनांक:-19/12/2025

**संदर्भ:**

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (2) कम्पनियों का नाम छतीसगढ़ राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB9376926 | U60231CT2011PTC022296 | शिवनाथ लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB9745003 | U42900CT2023PTC015383 | टेराहाइव प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभकरने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

**इरकन तिर्की**
**उप-पंजीयक**
**त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र**
CBC 07123/11/0535/2526

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**वृष** — कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** — कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** — कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।


**कुंभ** — परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** — परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

### विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 367 अंक फिसला

**मुंबई।** विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू स्तर पर किसी बड़े सकारात्मक संकेत के अभाव में शुक्रवार को स्थानीय मानक बीएसई सेंसेक्स 367 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 100 अंकों के नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 367.25 अंक गिरकर 85,041.45 अंक पर बंद हुआ जो इसकी गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। कमजोर कारोबार के बीच एक समय यह 470.88 अंक टूटकर 84,937.82 के स्तर तक आ गया था। निफ्टी भी 99.80 अंक गिरकर 26,042.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी लगातार दूसरे दिन नुकसान के साथ बंद हुआ। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, /"भारतीय शेयर बाजारों ने कुल मिलाकर सतर्क रुख के साथ कारोबार किया।

## शब्द पहेली - 6090



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. ढौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -6089 का हल



## सूडोकु नवताल - 6100

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6099 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

*मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने केंद्र सरकार को बड़ा सुझाव दिया है कि वह ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर कानून लाने की संभावना तलाशे, जिसमें 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए। जस्टिस केके रामकृष्णन और जस्टिस जी जयचंद्रन की डिवीजन बेंच एक जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई कर रही थी, जिसमें इंटरनेट पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। याचिकाकर्ता एस विजयकुमार ने कोर्ट में 'रिट ऑफ मैंडमस' की मांग की थी। उन्होंने पूरे देश में सभी इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) को 'पैरेंटल विंडो' या पैरेंटल कंट्रोल सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की मांग की।*

## मद्रास हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिया सुझाव

# ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी बच्चों के लिए बैन हो सोशल मीडिया

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

याचिकाकर्ता का मुख्य तर्क था कि इंटरनेट पर अश्लील सामग्री और चाइल्ड सेक्शुअल अब्यूज मटेरियल (सीएसएएम) आसानी से उपलब्ध है, जो नाबालिग बच्चों तक पहुंच रहा है। इससे बच्चों का मानसिक और भावनात्मक विकास खतरे में पड़ रहा है। हाई कोर्ट ने याचिका पर विस्तार से सुनवाई के बाद इसे निपटाते हुए कहा, 'हम समझते हैं कि ऑनलाइन सीएसएएम वाली वेबसाइट्स और यूआरएल लगातार अपडेट होती रहती हैं और सक्रिय रहती हैं। हालांकि, इसके साथ-साथ यूजर एंड पर भी नियंत्रण जरूरी है। यह नियंत्रण केवल पैरेंट कंट्रोल ऐप या सुविधा से ही संभव है। इसके लिए अंतिम उपयोगकर्ताओं को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खतरे और बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना अनिवार्य है।'

## 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पूरी तरह प्रतिबंध की सिफारिश

**भारत में भी बने ऑस्ट्रेलिया जैसा कानून**

हाई कोर्ट ने आगे जोर देते हुए कहा, 'अंततः यह व्यक्तिगत चुनाव और अधिकार है कि कोई व्यक्ति ऐसी घृणित सामग्री देखे या न देखे। लेकिन बच्चों के मामले में जोखिम बहुत अधिक है, इसलिए माता-पिता की जिम्मेदारी भी उतनी ही बढ़ जाती है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के सुझाव पर हम कहते हैं कि भारत सरकार ऑस्ट्रेलिया जैसे कानून की संभावना तलाश सकती है, जिसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग वर्जित किया गया हो।' मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने अंतरिम राहत के तौर पर निर्देश दिया कि जब तक ऐसा कानून नहीं बनता, तब तक संबंधित अधिकारी जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाएं। सभी उपलब्ध माध्यमों से संवेदनशील समूहों, खासकर बच्चों और अभिभावकों तक संदेश पहुंचाया जाए। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि केंद्र और राज्य स्तर पर बने आयोग इस दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाकर उसे पूरी तरह लागू करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया का अंधाधुंध उपयोग बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबर बुलिंग और अनुचित सामग्री के संपर्क में आने का खतरा बढ़ा रहा है।

## इंटरनेट पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर जताई गंभीर चिंता



### अदालत ने क्या कहा

जब तक नया कानून नहीं बनता, तब तक सरकार और आयोग जागरूकता अभियान तेज करें और बच्चों व माता-पिता को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल के तरीके सरल भाषा में समझाएं। स्कूलों, मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए बच्चों और अभिभावकों को सुरक्षित इंटरनेट के बारे में बताया जाए। आईएसपी को मजबूर किया जाए कि वे पैरेंटल विंडो/पैरेंटल कंट्रोल जैसी सुविधा आसान तरीके से उपलब्ध कराएं।

### ऑस्ट्रेलिया वाला मॉडल क्या है?

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने नवंबर 2024 में 'ऑनलाइन सेफ्टी अमेंडमेंट बिल' पास किया था। इस कानून का मकसद बच्चों को ऑनलाइन हानिकारक कंटेंट और साइबर जोखिमों से बचाना है। इसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों को टिकटॉक, एक्स (ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, यूट्यूब जैसी बड़ी सोशल मीडिया साइटों से दूर रखने का प्रावधान है। इन प्लेटफॉर्म्स को नाबालिगों के अकाउंट हटाने और उम्र की सख्त जांच (एज वेरिफिकेशन) करने की जिम्मेदारी दी गई है, हालांकि इस कानून को लेकर वहां अभिव्यक्ति की आजादी और डिजिटल अधिकारों पर बहस भी चल रही है।

## युनूस सरकार के कार्यकाल में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हो रही हत्या

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर विरोध प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ आवाज की बुलंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद लगातार हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं नफरत में हत्याएं हो रही हैं। पिछले दिनों कारखाना श्रमिक दीपू चंद्र को भीड़ ने मार डाला था, उसके बाद अब एक और हिंदू युवक अमृत मंडल की गुरुवार को पीटकर हत्या कर दी। इन सबको लेकर लोगों का सामूहिक गुस्सा फूट पड़ा है।

महराजगंज के नगर पंचायत परतावल में शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर कथित अत्याचार और उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने एकजुट होकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला दहन कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुओं की सुरक्षा की मांग उठाई। प्रदर्शन की शुरुआत परतावल क्षेत्र में भ्रमण के साथ हुई। पिपराइच रोड, कप्तानगंज रोड, हॉस्पिटल रोड और परतावल चौराहा रोड से गुजरते हुए प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदू उत्पीड़न के विरोध में नारे लगाए। इस दौरान 'हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो' और 'धर्म के नाम पर हिंसा नहीं चलेगी' जैसे नारे गूंज उठे। इसके बाद परतावल चौराहे पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन किया।

**खास बातें**

- हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद कट्टरपंथियों के हौसले बुलंद
- बांग्लादेश सरकार के खिलाफ लोगों ने नारेबाजी कर किया पुतला दहन



### मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन

इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि काशीनाथ सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के साथ हो रहा व्यवहार अत्यंत निंदनीय है और यह मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म के आधार पर उत्पीड़न स्वीकार्य नहीं हो सकता। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखते हुए यह संदेश दिया कि हिंदू समाज एकजुट है और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएगा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता के समर्थन में है। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व सांसद प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। सभी ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदू उत्पीड़न की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती, जिससे स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण बनी रही। अंत में, प्रदर्शनकारियों ने संकल्प लिया कि जब तक बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को न्याय और सुरक्षा नहीं मिलती, तब तक इस मुद्दे पर आवाज उठाई जाती रहेगी।

### अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर भारत की दो टूक



विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हाल ही में हुई हिंसा पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन घटनाओं को सिर्फ 'मीडिया की बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई खबर' या राजनीतिक हिंसा कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश में हाल की घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में उन्होंने बांग्लादेश में फैल रही झूठी खबरों को खारिज करते हुए कई बयान जारी किए हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में हाल ही में हुए घटनाक्रमों से वे पूरी तरह अवगत हैं और स्थिति पर ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई और बौद्ध सहित अल्पसंख्यकों के खिलाफ चरमपंथियों द्वारा लगातार की जा रही हिंसा बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने मयमनसिंह में हाल ही में एक हिंदू युवक अमृत मंडल की जघन्य हत्या की कड़ी निंदा की और उम्मीद जताई कि इस अपराध के दोषियों को जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। प्रवक्ता ने आगे कहा कि अंतरिम सरकार के दौरान स्वतंत्र स्रोतों ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ 2,900 से अधिक हिंसक घटनाओं को दर्ज किया है, जिनमें हत्या, आगजनी और जमीन जब्त करने के मामले शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इन घटनाओं को सिर्फ मीडिया की बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई खबर या राजनीतिक हिंसा कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।


## टोरंटो विश्वविद्यालय परिसर में हुई वारदात

# कनाडा में भारतीय मूल के छात्र की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मूल के एक छात्र की कनाडा के टोरंटो विश्वविद्यालय परिसर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना 23 दिसंबर 2025 की है जहां टोरंटो स्कारबोरो विश्वविद्यालय के पास एक वन क्षेत्र में 20 वर्षीय भारतीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसे शहर की इस साल की 41वीं हत्या बताया है। इस हत्या ने टोरंटो में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ा दी हैं।

टोरंटो पुलिस ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 3:34 बजे हाईलैंड क्रीक ट्रेल और ओल्ड किंग्स्टन रोड इलाके में किसी गड़बड़ी की सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। वहां पुलिस को शिवांक अवस्थी गोली लगने से घायल अवस्था में मिला। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही संदिग्ध फरार हो गए थे। फिलहाल इस मामले में 26 दिसंबर तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। शिवांक यूटीएससी में जीवन विज्ञान के तीसरे वर्ष का छात्र था और विश्वविद्यालय की चीयरलीडिंग टीम का सदस्य था। टीम ने इंस्टाग्राम पर उसे श्रद्धांजलि देते हुए उसे एक सहयोगी साथी बताया जो सभी के चेहरों पर मुस्कान लाता था।'



### भारतीयों को लेकर नफरत का माहौल

कनाडा में भारतीयों को लेकर नफरत का माहौल बढ़ गया है। यह गोलीबारी विश्वविद्यालय के लोकप्रिय हाइलैंड क्रीक घाटी स्थित ट्रेल्स में से एक के पास हुई, जिसके चलते परिसर में कुछ समय के लिए लॉकडाउन लागू करना पड़ा। कई छात्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परिसर के बाहर स्थित ट्रेल्स नेटवर्क को लेकर लंबे समय से चली आ रही सुरक्षा चिंताओं को लेकर अपना डर और निराशा व्यक्त की। पुलिस इस मामले की जांच हत्या के रूप में कर रही है। पुलिस ने कहा, "फिलहाल हमारा ध्यान सबूतों को संरक्षित करने और यह पता लगाने पर है कि ऐसा क्या हुआ था जिसके कारण छात्र को गोली मारी गई। मृतक के परिजनों को भी सूचित करना है। इसी कारण फिलहाल बहुत अधिक जानकारी साझा करना संभव नहीं है।'

### भारतीय दूतावास ने घटना पर जताया दुख

टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 25 दिसंबर को इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि वह अवस्थी के परिवार को सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। वाणिज्य दूतावास ने उसे युवा भारतीय डॉक्टरेट छात्र बताया, हालांकि अन्य सूत्रों ने उसे स्नातक छात्र बताया है। पुलिस ने उसे केवल टोरंटो निवासी 20 वर्षीय युवक के रूप में बताया है। जांचकर्ताओं ने घटना के पीछे का मकसद नहीं बताया है और उनका कहना है कि यह घटना अलग-प्रतीत होती है और इससे जनता को कोई खतरा नहीं है।

## गंभीर खतरे का सामना कर रही अरावली पर्वतमाला- पायलट



जयपुर। अरावली में खनन के मुद्दे पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, 'अरावली पर्वतमाला गंभीर खतरे का सामना कर रही है क्योंकि सरकार द्वारा अदालत में प्रस्तुत दस्तावेजों और दी गई परिभाषा के अनुसार, अधिकांश पर्वत 100 मीटर से कम ऊंचे हैं। प्रतिबंध की बात करें तो, यह पहले से ही लागू था लेकिन आज सरकार जनता का विश्वास खो रही है। यह पर्वतमाला प्राचीन काल से ही हमारी रक्षा करती आई है, और आज इसका अस्तित्व ही खतरे में है। इसीलिए लोग सड़कों पर उतरे हैं।'

## देश में हर साल 20,000 लोगों की मौतें

# ऑस्ट्रेलिया की चेतावनी, भारत में मिल रही नकली रेबीज वैक्सीन

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एक हेल्थ एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दी है कि नवंबर 2023 से भारत में रेबीज वैक्सीन के नकली बैच सर्कुलेट हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलियन टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्यूनाइजेशन के इस अलर्ट में कहा गया कि अभ्यारब ब्रांड की वैक्सीन लगवाने वाले लोगों को रेबीज से पूरी सुरक्षा नहीं मिल सकती है। एटीएजीआई के मुताबिक नकली वैक्सीन में सही मात्रा में एक्टिव इंग्रीडिएंट नहीं हैं। इसका मतलब है कि जिन लोगों ने ये डोज ली हैं उनमें ये बीमारी खत्म होने के चांसेस कम हैं। अभ्यारब का इस्तेमाल ऑस्ट्रेलिया में नहीं होता है, इसलिए यह एडवाइजरी मुख्य रूप से उन यात्रियों के लिए है जिन्होंने नवंबर 2023 के बाद भारत में वैक्सीन लगवाई थी।

### इसलिए अहम चेतावनी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के मुताबिक, भारत में हर साल अनुमानित 18,000 से 20,000 लोगों की मौत रेबीज से होती है। इनमें अधिकांश मामलों में कारण कुत्तों का काटना होता है। औसतन हर 30 मिनट में एक मौत दर्ज होती है। रेबीज के लक्षण सामने आने के बाद यह बीमारी लगभग हमेशा जानलेवा साबित होती है और इसका कोई भरोसेमंद इलाज नहीं है।

**सार्वजनिक सूचना**

दिनांक - 26.12.2025 स्थान- रायपुर छ.ग.
सार्वजनिक सूचना द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि सेल्फ पावर डारेक्ट मार्केटिंग प्राईवेट लिमिटेड पंजीयन दिनांक- 07.07.2014 सी. आई. एन. नंबर U52100 CT2014 PTC001407 वर्तमान पता ए.6 सी. सेक्टर-8 कमल विहार रायपुर (छ.ग.)

यह कि, एस. पी. डी. एम. प्राईवेट लिमिटेड कंपनी एक नेटवर्क मार्केटिंग आधारित कंपनी है जो कि अपने साथ जुडने वाले व्यक्ति से कोई शुल्क नहीं लेती (संस्था प्रोडक्ट बिक्री से आधारित आए प्रदान करती है) यह की जुड़े हुए व्यक्तियो को प्रोडक्ट एवं मार्केटिंग स्किल एवं प्रशिक्षण प्रदान करती हैं।

यह कि, संस्था अपने साथ जुड़े हुए व्यक्तियों को जो संस्था द्वारा संचालित प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित करती है जिसके आधार पर जिस किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण लेना होता है वह संस्था को प्रशिक्षण शुल्क प्रदान कर प्रशिक्षण लेता है एवं संस्था प्रशिक्षण शुल्क लेकर किसी भी व्यक्ति को प्रशिक्षण देती है एवं साथ ही प्रशिक्षण लेने वाले व्यक्ति को संस्था की तरफ से बोनस भी देती है जो प्रशिक्षण शुल्क में संलग्न नही होता है यह कंपनी की तरफ से बोनस के रूप में दिया गया लाभांश नैतिकता एवं अपने साथ जुड़ने वाले को प्रोत्साहन एवं जागरूकता करने के लिए दिया जाता है जो कि किसी भी प्रकार से विधिक अधिकार प्रदान नही करती है। यह केवल नैतिकता पर आधारित है संस्था से पूर्व में जिस व्यक्ति ने भी प्रशिक्षण शुल्क अदा कर प्रशिक्षण लिया है उन्हें संस्था नैतिकता के आधार पर एवं प्रोत्साहन के रूप में दिए जाने वाला (बूस्टर पैकेज) बैतोर उपहार बोनस दिया जाता था।

वर्तमान में सभी को सूचित किया जाता है प्रशिक्षण संबंधित प्रोत्साहन (बूस्टर पैकेज) बैतोर उपहार बोनस बंद है और बाकी प्रोडक्ट से बिक्री आए सम्बंधित कार्य सूचारू रूप मे चल रही है।

अतः इस विषय में कंपनी तथा उसके निर्देशक अथवा प्रबंधन के विरूद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति, दावा, गलत प्रचार या भ्रामक ना फैलाया जावे। यह स्पष्ट किया जाता है कि बोनस देना पूरी तरह से कंपनी की स्वैच्छिक नीति पर आधारित था। परिस्थितिया अनुकूल होने पर कंपनी इस विषय पर भविष्य में पुनः निर्णय ले सकती है। यह सूचना सार्वजनिक हित, पारदर्शिता एवं स्पष्टता के उददेश्य से प्रकाशित कराई जा रही हैं। संस्था अधिवक्ता की ओर से

संस्था
एस.पी. डी. एम. प्राईवेट लिमिटेड कंपनी
डॉ. हरीश कुमार तुर्तुरिया
(निर्देशक) फोन नंबर. 07714057034
अधिवक्ता- मोईनुद्दीन कुरैशी
मोबाइल न. 9425202304

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / म.प्र. / को / कार्मिक विभाग / 25 / 920 — दिनांक 15.12.2025

**आवश्यक सूचना**

इस पत्र के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की अंबिका परियोजना हेतु 03 भू-स्वामियों के 04 आश्रितों को नौकरी प्रदान करने की सूचना प्राप्त हुई है। जिसकी सूची इस प्रकार है:-

ग्राम - करतली

| स. क्र. | खातेदार का नाम / पिता का नाम अर्जित खसरा न. | अर्जित ख.नं. एवं रकबा (एकड़ में) | घटते क्रम की सूची क्रमांक | संशोधित घटते क्रम की सूची में संभावित सरल क्रमाक | प्रस्तावित रोजगार की संख्या | शेष रोजगार | रोजगार प्राप्ति हेतु नामांकित व्यक्ति / पिता का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | इन्द्रजीत, अजीत सिंह रणजीत सिंह, सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह पिता शिवजग सिंह, निर्मला, प्रमिला, सोनाली पिता शिवजग सिंह | Plot no. / Area: 184/2kh 0.35; 187/2kh 0.44; 521/5 0.77; 581/5 0.50; 581/6 2.08; Total 4.14 | 23, 61, 110, (03) | 08 | 02 | NIL | अभय कुमार पिता अजीत सिंह<br>संबंध- पुत्र<br>जाति-गोंड़(आदिवासी)<br>जन्म तिथि- 30.06.2002 (As per HSC MS)<br>शिक्षा- 12 वीं<br>आधार कार्ड नं.- 820602774673<br>नरेन्द्र कुमार पिता शिवजग सिंह<br>संबंध- स्वयं<br>जाति- गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्मतिथि- 30.06.1985 (As per HSC MS)<br>शिक्षा- 10 वीं<br>आधार कार्ड नं.- 382890548037 |
| 02 | ईश्वर सिंह पिता वीर सिंह | Plot no. / Area: 521/2 0.76; 581/2 0.50; 581/3 1.43; 187/2k 0.44; Total 3.13 | 32, 111, 169 (02) | 10 (01) | 01 | NIL | राजेंद्र कुमार पिता ईश्वर<br>संबंध- पुत्र<br>जाति- गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्म तिथि- 09.07.1993 (As per HSC MS)<br>शिक्षा- 10 वीं<br>आधार कार्ड नं.- 923914846717 |
| 03 | सावित्री पति अमर सिंह | Plot no. / Area: 175/3 1.00; Total 1.00 | 89 (01) | 01 | 01 | NIL | प्रतिक सिंह पिता अमर सिंह<br>संबंध- पुत्र<br>जाति- गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्म तिथि - 05.08.1996 (As per HSC MS)<br>शिक्षा- BE (Civil Engg.)<br>आधार कार्ड नं.- 983864831602 |

इस पत्र के माध्यम से ग्राम- करतली के उक्त भूमि की समस्त भू- स्वामियों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भू-स्वामियों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति सूचना के प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समय-सीमा की समाप्ति उपरांत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

SECL/25-26/276 — महाप्रबंधक, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र

## उन्नाव रेप केस में कुलदीप सेंगर की जमानत का विरोध

# बढ़ रहा गुस्सा, दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर महिलाओं ने किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली सशर्त जमानत के खिलाफ लोगों में गुस्सा बढ़ने लगा है। उन्नाव रेप केस की पीड़िता के परिवार और अन्य महिला कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर सेंगर की जमानत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन अपनी नाराजगी जाहिर की। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से वहां विरोध-प्रदर्शन नहीं करने की अपील की। इसके साथ ही चेतावनी देते हुए कहा, 'यहां प्रदर्शन करना मना है और गैर-कानूनी है। पांच मिनट बाद आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अगर आप विरोध करना चाहते हैं, तो जंतर-मंतर जाएं।'

### हाईकोर्ट पर भरोसा नहीं

रेप पीड़िता की मां ने कहा कि जमानत खारिज की जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएंगी, उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले पर अविश्वास जताया। उन्होंने बताया, 'उसकी जमानत खारिज होनी चाहिए। हमें हाईकोर्ट पर भरोसा नहीं रहा। अगर हमें सुप्रीम कोर्ट में न्याय नहीं मिला, तो हम दूसरे देश जाएंगे, मेरे पति के हत्यारे को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए।' महिला एक्टिविस्ट योगिता भयाना ने कहा, 'हम शांतिपूर्वक ढंग हाईकोर्ट आए हैं ताकि हमारी बेटी के साथ हुए अन्याय को खत्म किया जाए और जो याचिका हम दायर करने वाले हैं, उसे सुना जाए। अगर हमें न्याय नहीं मिला, तो हम विरोध करेंगे, और यह हमारा अधिकार है।' दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव रेप केस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत (सजा पर रोक) दे दी है। दिल्ली की सीबीआई कोर्ट ने सेंगर को एक नाबालिग से रेप के मामले में दोषी ठहराया था। वो फिलहाल उम्रकैद की सजा काट रहे थे।

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**आम सूचना**

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्रांतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम सुवाभोड़ी के निम्नलिखित प्रभावित भू-विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति बाबत् प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। प्रस्ताव में प्रभावित खातेदार / नामित उनके द्वारा नामित आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति बाबत् प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। प्रस्ताव में प्रभावित खातेदार / नामित आश्रित द्वारा संलग्न भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजो में भिन्नता पाई गयी है। विवरण निम्नानुसार है-

| क्र | भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम | | | | | | नामांतरण पंजी / फौती नामांतरण | खाता नं. / अर्जित खसरा नं. | कुल अर्जित भूमि | | आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं जन्मतिथि | आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम एवं पिता का नाम एवं जन्मतिथि | अन्य (विभिन्न दस्तावेजों में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) (आधार कार्ड के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पत्रक V व VI के अनुसार | बी 1 (2002-03) के अनुसार | पी-II के (2002-03 से 2006-07) के अनुसार | बी 1 (2018-19) के अनुसार | पी-II के (2018-19) के अनुसार | मुआवजा प्राप्ति रशीद के अनुसार | | | हे. में. | एकड़ में | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | श्याम बाई पिता गंगाराम | श्याम बाई पिता गंगाराम | श्याम बाई पिता गंगाराम | श्याम बाई पिता गंगाराम | श्याम बाई पिता गंगाराम | श्याम बाई डिक्सेना पिता गंगाराम डिक्सेना | — | खाता नं.- 198 खसरा नं.- 310/3 | 0.255 | 0.63 | 1.आधार कार्ड- विकास कुमार डिक्सेना पिता शैलेन्द्र डिक्सेना<br>2. निवास प्रमाण पत्र- विकास कुमार डिक्सेना पिता शैलेन्द्र डिक्सेना<br>3. जाति प्रमाण पत्र- विकास कुमार डिक्सेना पिता शैलेन्द्र डिक्सेना<br>4. वंशवृक्ष- विकास कुमार पिता शैलेन्द्र कुमार<br>5. शिक्षणिक प्रमाण पत्र- विकास डिक्सेना पिता शैलेन्द्र डिक्सेना | विकास डिक्सेना पिता शैलेन्द्र डिक्सेना जन्मतिथि- 10.11. 2003 (दसवी अंकसूची के अनुसार) | विकास डिक्सेना पिता शैलेन्द्र डिक्सेना |

उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम श्याम बाई पिता गंगा राम तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का विकास डिक्सेना पिता शैलेन्द्र डिक्सेना पढ़ा एवं समझा जावे। अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को उक्त व्यक्तियों के पहचान पर कोई आपत्ति हो तो पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति अमान्य होगी।

SECL/25-26/277 — महाप्रबंधक, एसईसीएल, दीपका क्षेत्र

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### इन्हें किया गया ....

तेलंगाना। मोहम्मद सिद्दान (11 साल) वीरता केरल। अजय राज (16 साल) वीरता उत्तर प्रदेश। ब्योमा प्रिया, मरणोपरांत ( 6 साल) वीरता तमिलनाडु। कमलेश कुमार, मरणोपरांत (11 साल) वीरता बिहार। ऐशी प्रिशा बोराह (10 साल) पर्यावरण असम। पूजा (17 साल) पर्यावरण उत्तरप्रदेश। वंश तायल (17 साल) सामाजिक सेवा चंडीगढ़। सुमन सरकार (16 साल) कला और संस्कृति पश्चिम बंगाल। एस्तेर लालदुहावमी हनामते (9 साल) कला और संस्कृति मिजोरम। श्रवण सिंह (10 साल) सामाजिक सेवा पंजाब। अर्णव अनुप्रिया महर्षि (17) विज्ञान और प्रौद्योगिकी महाराष्ट्र।

### छग की योगिता ....

विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगातार पदक अर्जित कर अपनी निरंतर प्रगति और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। सीएम विष्णु देव साय ने योगिता मंडावी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों की सफलता से नई पीढ़ी को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिलती है।

### मातम में बदली क्रिसमस ...

बजे शहर के रिंग रोड नमनाकला गुडलक मोटर्स के सामने सड़क किनारे एक ट्रक बेतरतीब ढंग से खड़ा था। रात में गांधी चौक की तरफ से आ रही बाइक क्रमांक सीजी सीजी 15 डीवाई 2151 खड़े ट्रक से टकरा गए। टक्कर के कारण उछलकर गिरे दोनों युवकों के सिर पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। इस स्थानीय लोगों और राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों युवकों को उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान गांधीनगर थाना अंतर्गत महुआपारा निवासी 25 वर्षीय बृजेश लकड़ा आ. वीरेंद्र लकड़ा व फुन्दुरडिहारी शांतिपारा निवासी 26 वर्षीय मेल प्रकाश तिर्की आ. राम लियस तिर्की के रूप में की गई। बृजेश की मां रोजालिया ने पुलिस को बताया कि 25 दिसम्बर को क्रिसमस के अवसर पर बृजेश अपने दोस्त मेल प्रकाश के साथ घूमने के नाम पर निकला था। रात में अचानक फोन कर बताया गया कि आपके पुत्र का एक्सीडेंट हो गया है। अस्पताल आने पर जानकारी मिली कि दोनों की मौत हो चुकी है। इस घटना के बाद परिवार के क्रिसमस की खुशियां मातम में बदल गई और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शुक्रवार को पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

घटना की चल रही जांच- मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना की जांच चल रही है। रिंग रोड पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर नियमित रूप से कार्रवाई करने के साथ ही अपराध भी दर्ज किए जा रहे हैं। आगे भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।
**अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी**

### ट्रक ने बाइक को मारी ...

अपने घर जा रहा था। इस दौरान शंकरगढ़ दुर्गापुर के समीप तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए शंकरगढ़ अस्पताल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### इनको आरोपी बनाया ....

जितूराम मंडावी, गंभीर सिंह नरेटी, देव लाल वैद्य, अश्वनी कुमार अनंत, वेद राम लहरे, लखन लाल ध्रुव, आशीष श्रीवास्तव, निरंजन दास, संजय मिश्रा, विकास अग्रवाल, विधु गुप्ता, दीपक दुरे, अनुराग द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण बंसल, सौम्या चौरसिया, प्रकाश शर्मा, सोहन लाल वर्मा, पीयूश बिजलानी, संजय दीवान, दीपक चावड़ा, यश पुरोहित, नितेश पुरोहित, यश टूटेजा, देवेंद्र डडसेना, मेसर्स एजेएस एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ए. ढेबर बिल्डकॉन, मेसर्स प्राइम डेवलपर्स, मेसर्स इंडियन बिल्डकॉन, बछराज लोहिया, अतुल कुमार सिंह, मुकेश मनचंदा, मनीष मिश्रा, अभिषेक सिंह, अशेष सौरभ केडिया, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव तथा प्रिज्म होलोग्राफी एंड सिक्यूरिटी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड के नाम शामिल हैं।

### नए साल से ....

रैंक 10 थी। इसे पासपोर्ट धारकों के लिए बुरी खबर माना जा रहा है। भारतीय पासपोर्ट की ताकत को नुकसान हुआ है। मतलब ग्लोबल रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट की रैंक 5 पायदान खिसकी है। अब भारतीय पासपोर्ट 85वें स्थान पर आ गया है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की सूची जारी हुई है।

**कुछ पासपोर्ट धारकों को शॉर्ट-स्टे वीजा से छूट**

भारत और सऊदी अरब के संबंधों में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। दोनों देशों ने वीजा से जुड़े समझौते पर दस्तखत किए हैं। इस समझौते में कुछ पासपोर्ट धारकों को शॉर्ट-स्टे वीजा की जरूरत से छूट दी गई है। रियाद में विदेश मंत्रालय के दफ्तर में गत दिवस साइन किया गया यह समझौता दोनों देशों के बीच आधिकारिक मेलजोल को आसान करने के लिए किया गया है। इसे सऊदी-भारत वीजा छूट समझौते का नाम दिया गया है। **इन्हें मिलेगा इस समझौते का लाभ-** सऊदी अरब और भारत ने आपसी अल्पकालिक वीजा छूट समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत दोनों देशों के राजनयिक, विशेष और आधिकारिक पासपोर्ट धारक छोटी अवधि के लिए वीजा के बिना रियाद और नई दिल्ली की यात्रा कर सकेंगे। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व ही सऊदी अरब विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री अब्दुलमाजीद अल-स्मरी और भारतीय राजदूत डॉक्टर सुहेल एजाज खान ने डील पर हस्ताक्षर किए।

### बिना वीजा 59 ....

नागरिक 190 देशों, जापान के नागरिक 189, जर्मनी, इटली, स्पेन और स्विट्जरलैंड के नागरिक 187 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं।

### भारतीय पासपोर्ट की ....

का पासपोर्ट अब 12वें स्थान पर है। जानकारों ने बताया कि सख्त वीजा नियम, फीस में बढ़ोतरी और अलगाववादी नीतियों ने अमेरिका की पासपोर्ट ताकत को कमजोर किया है।

### टी-20 मैच में बदलेगी दर्शकों की एंट्री...

से अधिक गेटों पर प्रवेश और बाहर निकलने का समय पहले से निर्धारित किया जाएगा। इसका उद्देश्य भीड़ को नियंत्रित करना और किसी भी तरह की अफरा-तफरी से बचना है। बता दें कि वनडे मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक शाम को स्टेडियम पहुंचे थे, लेकिन अधिकतर स्टैंड की सीटें भर जाने के बाद एंट्री गेट बंद कर दिए गए थे। इससे नाराज दर्शकों ने विरोध जताया और कुछ स्थानों पर गेट तोड़कर प्रवेश किया था, जिससे नुकसान हुआ है। दर्शकों का कहना था कि महंगे टिकट खरीदने के बावजूद गेट बंद करना गलत है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ का दावा है कि टी-20 मुकाबले में दर्शकों को इस तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और एंट्री व्यवस्था पहले से कहीं बेहतर और व्यवस्थित होगी।

### टी-20 मैच में हर गेट पर...

जिससे वैध टिकटधारकों को एंट्री मिलने में परेशानी हुई। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने टी-20 मुकाबले के दौरान सभी एंट्री गेटों पर अपने सदस्यों की तैनाती का फैसला किया है। क्रिकेट संघ के सदस्य गेट पर मौजूद रहकर एंट्री प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और प्राइवेट सुरक्षा गार्ड की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

### समय पर नहीं पहुंचे तो...

प्रवेश करना होगा। निर्धारित समय के बाद पहुंचने पर एंट्री नहीं दी जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं दर्शकों की होगी। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में प्रवेश एक तय समय-सीमा के भीतर ही किया जाएगा, जबकि बाहर निकलने के लिए गेट खोले जाएंगे। बार-बार गेट खोलने और बंद करने से व्यवस्था प्रभावित होती है और सुरक्षा में भी बाधा आती है।विजय शाह ने बताया कि दिसंबर में हुए वनडे मैच के दौरान सामने आई अव्यवस्थाओं से सबक लेते हुए इस बार बेहतर और सुव्यवस्थित एंट्री व्यवस्था लागू की जा रही है, ताकि टी-20 मुकाबले के दौरान दर्शकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

### एंट्री व्यवस्था सुधारने के...

पुलिस प्रशासन द्वारा हर संभावित परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम के अंदर और बाहर दर्शकों की आवाजाही, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर सुझाव दिए जाएंगे। इन सुझावों के आधार पर क्रिकेट संघ एंट्री व्यवस्था में आवश्यक बदलाव करेगा, ताकि टी-20 मुकाबले के दौरान दर्शकों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### दक्षिण में 70 घंटे में भारी बारिश का ...

लद्दाख और कश्मीर के कुछ ऊंचाई वाले स्थानों पर बारिश के साथ बर्फबारी होने से मौसम काफी चेंज होगा। इस मौसमी सिस्टम का असर 31 दिसंबर तक जारी रहेगा। इधर, उत्तर भारत में भारी कोहरा और सर्दी से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सप्ताह के आखिर तक राज्य में न्यूनतम तापमान और गिरेगा, जिससे सिहरन वाली सर्दी महसूस होगी।

### हिंदू रीति-रिवाज से हुआ मृत...

एवं प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शव को पुनः ग्राम बोराई ले जाया गया, जहां देर रात तक ग्राम स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव के सभी पांचों मुहल्लों के लोग, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### हनुमंत कथा सुनने पहुंची मुख्यमंत्री की...

शामिल हुए। कथा के दौरान उन्होंने जरुरतमंद बेटियों की शादी बागेश्वर धाम में कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास के चक्कर में न पड़ें। उन्होंने कहा कि जिन माता-पिता ने अपनी बेटियों का ब्याह कर दान दिया है, ऐसे माता-पिता का धन्यवाद करो।

# छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव को मातृ शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा वरिष्ठ नेता और छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माता श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थी और लम्बे समय से बीमार चल रही थी। स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का उपचार रायपुर के एम्स हॉस्पिटल में चल रहा था इस दौरान 26 दिसम्बर को उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांसें ली।



■ रायपुर में उपचार के दौरान श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का निधन, सीएम साय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री जामवाल समेत अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

उनका जन्म 2 दिसंबर 1950 को राज परिवार में हुआ था। वे गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव व अमिताभ सिंहदेव की माता एवं शंकरगढ़ राजपरिवार के स्व. लाल अरुण प्रताप सिंहदेव की धर्मपत्नी थी। स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव चंद्रपुर राजपरिवार के स्व. राजा पूर्व विधायक शशि भूषण सिंहदेव व स्व. रानी पूर्व विधायक ज्योत्सना सिंहदेव की पुत्री थी। उनके निधन से सरगुजा भाजपा के साथ ही बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में भी शोक का माहौल है। शुक्रवार की देर शाम रायपुर से उनका पार्थिव शरीर सरगुजा लाया गया। वहीं 27 जनवरी को स्थानीय शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान एमजी रोड पंजाब गार्डन के सामने से निकाली जाएगी। इधर श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव के निधन उपरान्त प्रदेशभर के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उनके निधन उपरान्त प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, डिप्टी सीएम अरुण साव सहित अन्य नेताओं ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।


Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है।
यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769


## हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com
Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

### आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** घर में काम करने हेतु लड़की की आवश्यकता है सुबह 8बजे से शाम 7बजे तनख्वाह- 8500 (रहकर कार्य करने वाले की तनख्वाह 7000) आवास+ खाने की सुविधा सम्पर्क- बिलासपुर 7869399765 **(39496)**

**आवश्यकता है-** चिल्हर किराना दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- विजय प्राविजन स्टोर मंदिर चौक बिलासपुर 9302688664, 8319919500 **(1644)**

**आवश्यकता है-** एक प्रतिष्ठित फैक्ट्री में लॉजिस्टिक्स विभाग हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। सुविधाएं- फैक्ट्री परिसर में रहने एवं खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन योग्यता एवं अनुभव के अनुसार, आपसी बातचीत से तय किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 9140526209 **(39498)**

**आवश्यकता है-** हॉस्पिटल के ओटी में एनेस्थीसिया असिस्टेंट कार्य हेतु युवक, युवती चाहिए योग्यता पैरामेडिकल नर्सिंग, BHMS, BAMS MBBS वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शिवा इंटरप्राइजेस पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 98930 81826, 7067124226 **(39497)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य करने के लिए (महिला/युवती) कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 8817395214 **(39493)**

**आवश्यकता है-** होटल में साऊथ इंडियन कुक, इंडियन तन्दूर कुक, वेटर, सप्लायर युवक एवं बर्तन प्लेट धोने वालों की आवश्यकता है रहने, खाने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 798763 3348 **(39500)**

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य एवं कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्यकता है योग्यता 12वीं पास सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर बिलासपुर 98271 80096, 9827199008 **(39490)**

**आवश्यकता है-** होटल की रसोई (किचन) में बर्तन धोने एवं साफ सफाई कार्य करने के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल विस्तारा मेन रोड तिफरा बिलासपुर 9301577078 **(39495)**

**आवश्यकता है-** शेफ की आवश्यकता है। आयु 28वर्ष या उससे अधिक। अनुभव मैक्सिकन (Mexican) और इंडियन फूड का अच्छा ज्ञान आवश्यक। कार्य क्लाउड किचन के लिए सभी तरह की तैयारी और भोजन बनाना, मैक्सिकन फूड बनाने का अनुभव अनिवार्य। सम्पर्क करें- 8586934141 **(39494)**

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड सिक्युरिटी सुपरवाइजर गनमैन फिल्ड ऑफिसर कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000, आवास फ्री। पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जे.जे. हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 80852 33213, 8253010291, 8889 997826 **(39295)**

**आवश्यकता है- टीआई परियोजना के अन्तर्गत काउन्सलर, ORW की नियुक्ति किया जाना है। पद काउन्सलर-1, ORW-2 योग्यता- काउन्सलर हेतु- M.A. Sociology, MSW, PGDCA. ओआरडब्ल्यु हेतु Graduation and DCA. आवेदन की अंतिम तिथि 30/12/2025 पता- प्रकृति सेवा संस्थान, वेयर हाउस रोड, महामाया विहार, बिलासपुर 9926979506, Email ID- prakritisewa 2@ gmail.com अनुभवी को प्राथमिकता दी जावेगी। (39499)**

**आवश्यकता है-** विद्या नगर बिलासपुर स्थित घर में 1.5 वर्ष के बेबी बॉय की 24 घण्टे देखभाल हेतु योग्य, प्रशिक्षित महिला बेबी सिटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 93433 35328 **(39488)**

**आवश्यकता है-** घरेलु कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है रहने, खाने की व्यवस्था है। सम्पर्क करें- सुबह 11 से 2 बजे एवं शाम 5 से 9 बजे गगन फ्लैक्स 27खोली चौक बिलासपुर 90397 68650 **(39489)**

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य करने हेतु हाउस कीपिंग स्टॉफ एवं रेस्टोरेन्ट में कार्य हेतु कैप्टन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9977861508 **(39456)**

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स एवं कम्पाउंडर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 **(39475)**

**आवश्यकता है-** FMCG वेलनेस एजेन्सी में बिलिंग एवं प्रोडक्ट देने हेतु एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। योग्यता- ग्रेजुएट, कम्प्यूटर जानकार बायोडाटा सहित इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9893081826, 70671 24226 **(39476)**

**आवश्यकता है-** फुल टाइम अकाउंटेंट चाहिए जिसे टैली प्राइम का अच्छा अनुभव हो, इनवॉइस एवं ईवे बिल बनाना आता हो। सम्पर्क करें- अविनाश मोदी पी-2, संजय अपार्टमेंट व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9179991222 **(39491)**

**आवश्यकता है-** घर पर रहकर हमारे घर में घरेलू काम करने के लिए लड़का या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 9669211111, 9827175811 **(39492)**

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 **(39482)**

**आवश्यकता है-** लॉज में हाउस कीपिंग कार्य एवं दुकान में एकाउंटेन्ट कार्य हेतु लड़के और लड़कियों की तथा घर में काम करने के लिए बाई की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 **(39484)**

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेन्ट में काम करने के लिए तन्दूर मिस्त्री, वेटर लेडीज जेन्ट्स दोनों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- साँझा चूल्हा, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 83193 44041 **(39486)**

**आवश्यकता है-** इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाने हेतु अंग्रेजी में अच्छे संचार कौशल वाले शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अन्य कार्य हेतु शिक्षित लड़कियां चाहिए सम्पर्क करें- बचपन ए-प्ले स्कूल देवरीखुर्द बिलासपुर 7610888883, 7999358334 **(39485)**

**आवश्यकता है-** मेन्स वियर में काम करने के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है केवल अनुभव लड़के ही सम्पर्क करें- सुबह 11:30 से शाम 7:00 यूनिक फैशन शिव टॉकीज चौक बिलासपुर 930315 9900, 9630110824 **(39487)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में बिलिंग एवं एकाउंटिंग, माल पैकिंग करने, ट्रांसपोर्ट लेजाने, आर्डर एवं वसूली करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार (पढ़ाई बाध्य नहीं है) सम्पर्क करें- 9111000629 **(39479)**

**आवश्यकता है-** साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 98278 87934 **(39458)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06, जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 77460 00016, 7746000019 **(348)**

**आवश्यकता है-** बुटीक में सिलाई कार्य करने हेतु महिला/ पुरुष की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आशा कलेक्शन बुटीक, मसानगंज पतंजलि मेगा स्टोर के पास इमलीपारा बिलासपुर 9131745687 **(39474)**

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गुरुनानक मेडिकल स्टोर्स मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7697780808 **(39466)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस ब्वाय- 3पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग हेतु ऑटो चालक एवं सफाई कार्य हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है वेतन 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 09575488884 **(39480)**

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 5000 से 9000 तक सम्पर्क करें- हरीरामानी एण्ड सन्स मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 9329292940 **(39392)**

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -12000 रहना खाना फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना संपर्क करें 6261667355, 911130 0616 **(524)**


आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां


**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु टेलिकॉलिंग महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है सैलरी 5000 से 10000+ अतिरिक्त कमीशन सम्पर्क करें- गीतांजलि विहार लखन भोजनालय नेहरू नगर बिलासपुर 09685646863 **(0301)**

### बेचना है

**बेचना है-** 12×16 की दो दुकान गोदाम के लिए श्री राम प्लाजा में सिटी कोतवाली के पास सन्त कंवर राम मार्केट के सामने गोल बाजार के पास बेचना है सम्पर्क करें- 93008 33924 **(39478)**

**बेचना है-** 100फ्रंट 1एकड़ 20 डिसमिल नहर रोड पर सेन्दरी से मोपका बायपास से जो खूंटाघाट जाता है सेमरताल नहर रोड पर प्लॉट बेचना हैं कीमत 60लाख रुपए एकड़ सम्पर्क- 9300328495, 9827938236 **(1648)**

**बेचना है-** बिलासपुर गोड़पारा में निर्मित दो मंजिला मकान माया दुबे नर्सिंग होम के सामने जिसका भूस्वामी वैश्य (बैशवाड़े) कुर्मी समाज भाड़ी, है। क्षेत्रफल वर्गफीट में खसरा 169 रकबा 2478 वर्गफीट मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9826173751, 70896 27465, 9399121049 **(39446)**

**बेचना है-** 10×14=140 फुट दुकान मेन रोड पर मिशन हॉस्पिटल रोड राजू दोसा के सामने जिसमे दीदी गारमेन्ट लिखा है शीश महल के पास सदर बाजार में बेचना है। सम्पर्क- 9827938236, 8770963388 **(39477)**


हरिभूमि वैवाहिकी


### किराया

**किराया-** 27खोली विकास नगर संजय तरण पुष्कर सरकारी क्वार्टर्स के पास, प्रथम तल पर 2BHK मकान वरांडा ओपन टेरेस। नौकरी, पेशा, छोटे परिवार को किराये पर देना है सम्पर्क करें- 9827903253 **(39481)**

### फाइनेन्स

**फाइनेन्स-**राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्क शीट, आधार कार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होम लोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे नोट- धोखेबाजों से सावधान हेड ऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्प लाइन नम्बर- 81683 38503, 8168338503 **(435)**

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इंच लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाये।
नसों की कमजोरी मर्दानी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330


### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

## खबर संक्षेप



### टी20 विश्व कप पर कमिंस की नजरें

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस की नजरें अब अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हैं। कमिंस जून-जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर लगी कमर की चोट के कारण पहले दो एशेज टेस्ट से बाहर थे लेकिन एडीलेड में तीसरे मैच में वापसी करके छह विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ने पहले तीनों टेस्ट जीत लिए हैं लिहाजा कमिंस को आखिरी दो मैचों से बाहर रखने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा,' बेहतर लग रहा है। कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा होता। अब टी20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा।' आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलना है ।

### अय्यर को एकादश में जगह मिलना मुश्किल : कुंबले

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मिनी नीलामी में वेंकटेश अय्यर के लिए सात करोड़ रुपए खर्च किए लेकिन पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इस आकर्षक टी20 लीग के शुरुआती चरण में इस तेज गेंदबाजी हरफनमौला को एकादश में जगह मिलना मुश्किल होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने इस महीने की शुरुआत में नीलामी में अय्यर की पूर्व टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को पीछे छोड़कर इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने 16 दिसंबर को अबू धाबी में हुई नीलामी में अय्यर, जैकब डफी और मंगेश यादव समेत कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और मजबूत किया।

### विजय हजारे ट्रॉफी : विराट ने गुजरात के खिलाफ खेली 77 रन की पारी

# कोहली ने 29 गेंदों में लगाया अर्धशतक, खेली लगातार छठी बार 50 रन से ज्यादा की पारी

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

विराट कोहली इस समय जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। इस समय वह दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं। पिछले मैच में आंध्र प्रदेश के खिलाफ 131 रन की पारी खेलकर इस टूर्नामेंट में वापसी करने वाले कोहली ने शुक्रवार को गुजरात के खिलाफ 61 गेंदों में 77 रन ठोक दिए। इस दौरान उन्होंने 13 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने 29 गेंदों में अर्धशतक लगाया। हालांकि वह शतक से चूक गए, मगर उनकी पारी ने लड़खड़ाती दिल्ली की पारी को संभाल लिया।

कोहली पिछले तीन महीने से खतरनाक फॉर्म में हैं। टीम इंडिया और घरेलू टीम दोनों के लिए उनका बल्ला खूब चल रहा है। कोहली की पिछली छह पारियों की बात करें तो उन्होंने कुल 584 रन ठोक दिए हैं। 25 अक्टूबर से 26 दिसंबर के बीच वह ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ चार इंटरनेशनल वनडे मैच खेले, जबकि दो मैच वह दिल्ली के लिए खेले।

#### विराट ने छह मैचों में बनाए 584 रन



#### कोहली बने नंबर 1

विराट कोहली अपनी इस 77 रन की पारी के बाद भारत की तरफ से लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा की औसत से रन बनाने वाले बैटर बन गए। कोहली ने अब तक लिस्ट ए क्रिकेट में 343 मैचों में 16,130 रन 57.60 की औसत के साथ बनाए हैं और उन्होंने चेतेश्वर पुजारा को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 130 लिस्ट ए मैचों में 57.01 की औसत से 5759 रन बनाए थे।

#### रिंकू सिंह 56 गेंदों में ठोकी सेंचुरी



राजकोट। रिंकू सिंह का विजय हजारे ट्रॉफी में धूम धड़ाका जारी है। चंडीगढ़ के खिलाफ शुक्रवार को उन्होंने खूब रन उड़ाए। राजकोट में उत्तर प्रदेश के कप्तान ने चंडीगढ़ के खलिाफ 60 गेंदों में नॉटआउट 106 रन बनाए। उन्होंने 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। रिंकू ने चंडीगढ़ के गेंदबाजों को काफी परेशान किया। नंबर 5 पर बैटिंग करते हुए उत्तर प्रदेश के कप्तान ने 11 चौके और चार छक्के लगाए और अपनी टीम को 50 ओवर में 4 विकेट पर 367 रन तक पहुंचाया। अभिषेक गोस्वामी के जल्दी आउट होने के बाद आर्यन जुयाल (118 गेंदों पर 134 रन) और ध्रुव जुरेल (57 गेंदों पर 67 रन) ने दूसरे विकेट के लिए संभलकर बैटिंग की और 96 रन की पार्टनरशिप करके पारी को संभाला। जुरेल 57 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद जुयाल ने पारी को आगे बढ़ाया और समीर रिज़वी के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े. रिजवी 46 गेंदों में 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे।



#### रोहित गोल्डन डक पर आउट

रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी के दूसरे राउंड के मैच में फ्लॉप रहे। वह गोल्डन डक पर आउट हो गए। मुंबई की टीम शुक्रवार को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में उत्तराखंड के खलिाफ एलीट ग्रुप सी के दूसरे राउंड के मैच के लिए मैदान पर उतरी। जहां उत्तराखंड ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बैटिंग के लिए बुलाया। एक बार फिर रोहित की आतिशी बल्लेबाजी को देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस स्टेडियम पहुंचे, मगर इस मुकाबले में रोहित ने फैंस को निराश कर दिया और जीरो पर आउट हो गए और इसी के साथ स्टेडियम भी खाली होने लगा। इस मैच में यह उनकी पहली गेंद थी और उसी पर वह अपना विकेट गंवा बैठे। मुंबई को पहले ही ओवर की आखरिी गेंद पर पहला झटका लग गया। बोरा ने पूर्व भारतीय कप्तान को जगमोहन नागरकोटी के हाथों कैच आउट करा दिया। वह पुल शॉट की कोशशि कर रहे थे। नागरकोटी ने इसके बाद रघुवंशी को बोल्ड करके मुंबई को छठे ओवर में 22 रन पर दूसरा झटका दिया।

### कैच लेने की कोशिश में गिरे रघुवंशी, लगी सिर पर चोट



**जयपुर।** मुंबई के सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को उत्तराखंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान एक मुश्किल कैच लेने की कोशिश में कंधे, गर्दन और सिर में चोट लगने (कनकशन) के बाद अस्पताल ले जाया गया। यह घटना पारी के 30वें ओवर में हुई, जिसमें ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान गेंदबाजी कर रहे थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज सौरभ रावत ने स्लॉग-स्वीप खेलने की कोशिश की और डीप मिडविकेट पर खड़े रघुवंशी कैच पकड़ने के लिए तेजी से दौड़ते हुए आगे बढ़े। उन्होंने एक हाथ से गेंद को लपकने का प्रयास किया लेकिन यह सफल नहीं रहा और वह गिर पड़े, जिससे उनके कंधे में चोट लगी और उनका सिर जमीन से टकरा गया। इससे उन्हें कनकशन (सिर में चोट लगना) हो गया। रघुवंशी कुछ सेकेंड के लिए घुटनों के बल बैठे रहे लेकिन फिर जमीन पर लेट गए। इसके बाद मुंबई के फिजियो मैदान पर पहुंचे। रघुवंशी अपने पैरों पर खड़े नहीं हो पा रहे थे तो स्ट्रेचर मंगवाया गया और बाहर खड़ी 'एम्बुलेंस' उन्हें पास के एसडीएमएच अस्पताल ले गई। उनके जरूरी स्कैन करवाए जाएंगे और उन्हें निगरानी में रखा जाएगा।

## बीबीएल: मेलबर्न स्टार्स ने सिडनी सिक्सर्स को सात विकेट से हराया, हार्पर ने ठोका शतक

एजेंसी ▸▸| सिडनी

बिग बैश लीग में खेले गए मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स ने सिडनी सिक्सर्स को 7 विकेट से हरा दिया। मेलबर्न ने सिडनी के दिए 145 रन के लक्ष्य को 3 विकेट के नुकसान पर 15 गेंद पहले हासिल कर लिया। मेलबर्न के लिए सलामी बल्लेबाज सैम हार्पर ने रोमांचक शतकीय पारी खेली।



मेलबर्न स्टार्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर्स की शुरुआत खराब रही थी। पारी की शुरुआत करने आए बाबर आजम 7 गेंद पर 2 रन बनाकर आउट हो गए। बाद के बल्लेबाज भी शुरुआत को बड़ी पारी में बदल पाने में कामयाब नहीं रहे। बाबर के साथ पारी की शुरुआत करने आए डेनियल हग्स के 42 गेंद पर 8 चौकों और 1 छक्के की मदद से 60 रनों की पारी की बदौलत सिडनी सिक्सर्स ने अपने सभी विकेट खोकर 20 ओवर में 144 रन बनाए। मेलबर्न स्टार्स के लिए टॉम करन और पीटर सीडल ने 3-3 विकेट लिए।

## हॉकी टीम का अगला साल व्यस्त, होंगे 3 बडे टूर्नामेंट



***नई दिल्ली।*** *भारत के अनुभवी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह की नजरें हॉकी इंडिया लीग में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र से पहले अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर लगी हैं। भारतीय टीम का अगला साल काफी व्यस्त है, जिसमें एफआईएच प्रो लीग, विश्व कप और एशियाई खेल होने हैं। हॉकी इंडिया लीग तीन जनवरी से शुरू होगी और व्यस्त सत्र से पहले खिलाड़ियों के लिए लय में आने का सुनहरा मौका है। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के लिए खेलने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि लीग का स्तर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों जैसा है और इससे खिलाड़ियों को फॉर्म पाने में मदद मिलेगी।*

## एचआईएल संचालन परिषद टीम के कप्तान बने मिडफील्डर हार्दिक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को 3 जनवरी से चेन्नई में शुरू हो रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में एचआईएल संचालन परिषद टीम का कप्तान बनाया गया है। एचआईएल संचालन परिषद का पहला मैच 5 जनवरी को एसजी पाइपर्स से होना है। हार्दिक ने कहा,' मैं इस मौके के लिए शुक्रगुजार हूं। कप्तानी करना रोमांचक अनुभव होगा और हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। हमें उम्मीद है कि इस सत्र में प्रदर्शन शानदार होगा।' इस टीम में ललित उपाध्याय, सैम वार्ड, सुरेंदर कुमार और केन रसेल जैसे दिग्गज भी हैं। इनके अलावा जूनियर विश्व कप में कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और टी प्रियव्रत भी टीम में हैं। यूपी रुद्रास के पीछे हटने के बाद 2026 सत्र के लिए एचआईएल संचालन परिषद टीम बनाई गई ताकि खिलाड़ियों को नुकसान नहीं हो।






*Terms and Conditions applied *Above all schemes of ₹90000 saving, ₹5000 cashback, ₹2000 Cash discount, ₹2000 Exchange bonus,₹4999 down payment are at the sole discretion of the dealers. Above schemes are valid for December' 2025 month only & can be withdrawn at any time without prior notice. Above Ex-showroom price is mentioned for Standard model. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of the standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा- 07752 -409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा- 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा-7024149881, 07752-412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा- 07752 -417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा- 7489027000, जसवानी होंडा- 8358065000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा- 7000405012, जांजगीर-चांपा: गट्टानी होंडा - 7694011205,7694011206, कोरबा: विशाल होंडा- 94790-25937, 99939-98122, कृष्णा होंडा- 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा - 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा - 9300473589, शांति ऑटो होंडा - 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा - 9131402454, 8649933333

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com Embassy


# विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

प्रकृति और मानव के बीच घनिष्ठ संबंध है, जो अटूट है, शाश्वत है। हिंदी साहित्य में प्रकृति लेखन एक सशक्त विधा है, जो आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक, कवियों और लेखकों के लिए प्रेरणा का स्रोत रही है, जिसमें प्रकृति को सौंदर्य, सखी, देवी और जीवनदायिनी के रूप में चित्रित किया गया है। हिंदी साहित्य के मुर्धन्य साहित्यकारों ने प्रकृति को केंद्र बनाकर उस पर बहुत कुछ लिखा है। प्रकृति प्रेमी कवियों ने अपनी लेखनी के जरिए प्रकृति की आराधना की। साहित्यकारों ने प्रकृति के आलंबन, उद्दीपन, अलंकार, मानवीयकरण, रहस्यात्मक, उपदेशात्मक, प्रतीकात्मक आदि विभिन्न स्वरूपों का प्रयोग किया। और, इन स्वरूपों के माध्यम से परिस्थितियों और अपने निजी दृष्टिकोणों के आधार पर मानव जीवन से संबंधित विचारों और भावों को स्पष्ट अभिव्यक्ति दी। संपूर्ण हिंदी साहित्य में प्रकृति का अत्यंत संवेदनशील स्वरूप कवियों की भाव-भंगिमाओं के साथ उभरा है। ऐसी ही कालजयी रचनाओं के जनक थे ठाकुर जगमोहन सिंह। जिनकी रचनाएं आज इतने दशकों बाद भी साहित्य को दिशा प्रदान कर रही है।

# हिन्दी उपन्यास के प्रथम प्रणेता

# ठाकुर जगमोहन सिंह


ठाकुर जगमोहन सिंह


## बागी पिता का साहित्यकार पुत्र




ठाकुर जगमोहन सिंह के पूर्वजों का संबंध जयपुर के इक्ष्वाकु वंशीय जोगावत कछवाहे राजपूत घराने से था। ठाकुर सिंह के पिताजी सरयू सिंह विजयराघवगढ़ रियासत के राजकुमार थे। ब्रितानी सरकार के खिलाफ विजयराघवगढ़ में हुई बगावत को कुचलने में सफल रही। जिसके बाद ये रियासत अंग्रेजों के कब्जे में आ गई लेकिन सरयू सिंह किसी तरह अंग्रेजों के चंगुल में आने से बच गए और विजयराघवगढ़ से भाग निकले। लंबे समय तक सरयू सिंह अज्ञातवास में रहे। सन 1864 में बनारस में जोगी के रूप में छिपे सरयू सिंह को अंग्रेजों ने पकड़ लिया। उन पर हत्या का मुकदमा चलाया गया। किसी तरह आरोप साबित कर अंग्रेजों ने रियासत को हथिया लिया। सरयू सिंह को कालापानी की सजा सुनाई गई। अंग्रेजों की हुकूमत में सजा भुगतने के बजाय उन्होने आत्महत्या कर मौत को गले लगाना उचित समझा।

## पिता का साया उठा, क्वींस कॉलेज में दाखिला

अपने पिता की असमय मृत्यु के समय ठाकुर जगमोहन अबोध बालक थे। विजयराघवगढ़ अंग्रेज सरकार के अधीन था। महज नौ साल की उम्र में जगमोहन जी को बनारस के वाड्र्स इंस्टीट्यूट क्वींस कॉलेज में पढ़ने के लिए भेज दिया गया । बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के जगमोहन ने हिंदी अंग्रेजी ऊर्दू और फारसी समेत कई भाषाओं पर अधिकार हासिल कर लिया। क्वींस कॉलेज ठाकुर साहब के जीवन में टर्निंग पाइंट साबित हुआ। यहीं पर भारतेंदु हरिश्चंद्र से मुलाकात हुई। बचपन की ये मुलाकात जीवनभर की घनिष्ठ मित्रता में तब्दील हो गई। दोनों ही एक-दूसरे के लेखन और विचारों से प्रभावित थे।





### बालपन में 'ऋतुसंहार' का अनुवाद

संस्कृत में महाकवि कालिदास की रचनाएं सामान्य तौर पर समझने में कठिन मानी जाती है। लेकिन ठाकुर जगमोहन ने बचपन में ही कालिदास की ऋतुसंहार का अनुवाद कर अपने शिक्षकों को भी हैरान कर दिया । क्वींस कॉलेज में ठाकुर साहब ने 1866 से 1866 तक अध्ययन किया इस दौरान अपने अध्यापकों का आशीर्वाद और स्नेह अर्जित किया । यहां अध्ययन के दौरान उनकी बहुमुखी प्रतिभा में निखार आया । बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि होने के बावजूद विनम्रता और शिष्टाचार में कोई कमी नहीं थी । बारहमासी कविता की शुरुआत में ही उन्होंने पाठकों से अपने बालक होने का निवेदन किया

*श्री रघुवर के पद कमल रचीं सुमिरि कछु छन्द।*
*मैं ही बालक निपट अति अरु हीं मति को मंद ॥*
*प्रणमों अरु श्री गुरुचरण कृपा करो महाराज।*
*भूल चूक नहिं देखिए मतलब लेहू सम्हाल ॥*

क्वींस कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य एई गॉफ ने ठाकुर साहब को ऋतुसंहार के अनुवाद और अंग्रेजी में लिखी हुई भूमिका पर अपनी सन्मति दी थी जिसे दूसरी आवृति में प्रकाशित किया गया । 'ऋतुसंहार' की पहली आवृत्ति के साथ जो अंग्रेजी में लिखी हुई भूमिका थी, उसे दूसरी आवृत्ति में निकाल दिया था। 'ऋतुसंहार' की दूसरी आवृत्ति में ही ठाकुर साहब ने अपने अभिन्न मिथ्र भारतेंदु हरिश्च्रंद का स्मरण किया । क्वींस कॉलेज में पढ़ाई के दौरान ही ठाकुर साहब ने 1874 में प्रमिता अक्षर द्रोणिका की रचना की।

## 'सज्जनाष्टक' में 8 सज्जनों की स्तुति

सन 1884 में सज्जनाष्टक भारत जीवन प्रेस बनारस से प्रकाशित हुई थी । इसमें शिवरीनाराय़ण के आठ सज्जन व्यक्तियों का वर्णन है। इसकी भूमिका में ठाकुर साहब लिखते है कि -'इस पुस्तक में आठ सज्जनों का वर्णन है, जो शबरीनारायण को पवित्र करते हैं। आशा है कि इन लोगों में परस्पर प्रीति की रीति प्रतिदिन बढ़ेगी और ये लोग ''सज्जन'' शब्द को सार्थक करेंगे। इसको मैंने सबके विनोदार्थ रचा है।' इसमें मंगलाचरण और शिवरीनारायण को नमन करते हुए मंदिर के पुजारी पंडित यदुनाथ भोगहा के बारे में उन्होंने लिखा हैः-

है यदुनाथ नाथ यह सांचो यदुपति कला पसारी।
चतुर सुजन सज्जन सत संगत जनक दुलारी।।

दूसरे और तीसरे सज्जन शिवरीनारायण मठ के महंत स्वामी अर्जुनदास और स्वामी गौतमदास जी और चौथे पंडित ऋषिराम शर्मा हैं। पांचवे सज्जन यहां के लखफति माखन साव थे न श्री माखनसाव थे जिन्होंने सबसे पहले करके रामेश्वरम में जल चढ़ाकर पुण्यात्मा बने थे। छठे सज्जन सुप्रसिद्ध कवि और शिवरीनारायण माहात्म्य को प्रकाशित




कराने वाले पंडित हीराराम त्रिपाठी, सातवें श्री मोहन पुजारी और आठवें लक्ष्मीनारायण मंदिर के पुजारी पंडित श्री रमानाथ थे। अंतिम तीन दोहा में उन्होंने पुस्तक की रचनाकाल और सार्थकता को लिखा है-

रहत ग्राम एहि विधि सबै सज्जन सब गुन खान।
महानदी सेवहिं सकल जननी सब पय पान। ।32।।
श्री जगमोहन सिंह रचि तीरथ चरित पवित्र।
सावन सुदि आठैं बहुरि मंगलवार विचित्र।।33।।
संवत विक्रम जानिए इन्दु वेद ग्रह एक।
शबरीनारायण सुभग जहं जन बहुत बिवेक।।34।।

### श्यामास्वप्न में श्यामा का स्मरण


सन 1885 में एक्स्ट्रा असिस्टेंट कमिश्नर के रुप में स्थानांतरित होकर रायपुर आए। यहीं उन्होंने' श्यामास्वप्न' तथा 'श्यामासरोजनी' को पूरा किया। 'श्यामासरोजनी' एवं 'श्यामास्वप्न' की भूमिका उन्होंने रायपुर में ही लिखी। श्यामासरोजिन 1887 में छपकर पाठकों के बीच आई। श्यामास्वप्न गद्य प्रधान रचना थी चार खंडों में प्रकाशित इस रचना की शुरुआत में उन्होने अपने अभिन्न मित्र भारतेंदु हरिश्चंद्र को चार पंकितयां समर्पित की।

*तन तक चड़ि रस चूसि सब फूली फली न रीति।*
*पिय अकास बेली भई तुम निरमूलक प्रीति ॥*
*है ज्ञात लाल कपोत व्रत कठिन प्रीति की चाल।*
*मुख से आह न भाषिहै निज सुख करहु हलाल ॥*

'श्यामा-स्वप्न' सबसे पहले सन 1888 में एजुकेशन सोसायटी प्रेस बायकुला बंबई से प्रकाशित हुआ। ठाकुर जगमोहन सिंह ने अपनी इस कृति को अपने मित्र बाबू मंगल प्रसाद मणिजू-कन्हौली को समर्पित किया है। इस समर्पण में ठाकुर जगमोहन सिंह के हृदय में श्यामा के प्रति जो अनन्य प्रेम और आकर्षण निहित था, उसका भी आभास मिलता है। श्यामा इस समर्पण के केन्द्र में है। इस कृति को अपने मित्र को समर्पित करते हुए ठाकुर जगमोहन सिंह ने जैसे श्यामा के प्रति अपने हृदय में निहित समस्त भावों को अनावृत्त कर दिया है।

### मित्र की स्मृति में रचा काव्य

सन 1875 में क्वींस कॉलेज में पढ़ाई के दौरान ठाकुर साहब ने 'पंडित रामलोचन प्रसाद पति त्रिपाठी का जीवन वृत्तान्त' लिखा। पंडित रामलोचन प्रसाद पति त्रिपाठी, ठाकुर जगमोहन सिंह के अभिन्न मित्र थे, जो गोरखपुर जिले के मुहम्मदपुर के रहने वाले थे। विवाह के बाद अपनी ससुराल कन्हौली में बस गए थे। अपने अभिन्न मित्र की याद में ठाकुर साहब ने लिखा कि पंडित रामलोचन का काव्य बहुत अनूठा था। संस्कृत भाषा पर रामलोचन जी की जबर्दस्त पकड़ थीं। लेकिन पत्नी के असमय निधन ने रामलोचन जी के अंर्तमन को चोट पहुंची। रातदिन पत्नी के शोक में डूबे रहते थे। शोक और दुख में डूबे रामलोचन ने भी एक दिन इस नश्वर संसार को अलविदा कह दिया। अपने मित्र के निधन ने ठाकुर साहब को भी चोट पहुंचाई। 1874 में पंडित रामलोचन त्रिपाठी की याद में ठाकुर साहब ने जीवन वृंतात की रचना की जिसमें उन्होने आपसी पत्राचार को भी शामिल किया। जीवन वृंतात अनूठा है और हिंदी साहित्य की दुर्लभ कृति है




## 42 साल की उम्र में ठाकुर साहब ने त्यागी नश्वर देह

रायपुर में एक्स्ट्रा असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर रहते हुए ठाकुर जगमोहन सिंह को प्रमेह रोग ने जकड़ लिया। चिकित्सकों के परामर्श पर जलवायु परिवर्तन करने के उद्देश्य से ठाकुर साहब ने देश के विभिन्न अंचलों की यात्राएं की। सन 1885-86 में उन्होंने जलवायु परिवर्तन के उद्देश्य से लाहौर से बंगलौर तक की भारत यात्रा की। जिसका विशद वृतान्त उनको उन दिनों की लिखी हुई डायरी में दर्ज है। जलवायु परिवर्तन के उद्देश्य से की गई इस यात्रा से भी उनके स्वास्थ्य में सुधार न हो सका। यात्रा से वापस लौटने पर ठाकुर जगमोहन सिंह ने सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और कूच बिहार स्टेट काउंसिल के मंत्री के रूप में कार्य करने लगे। कूच बिहार के महाराज भूपबहादुर बनारस के क्वींस कॉलेज में ठाकुर जगमोहन सिंह के सहपाठी रह चुके थे। ठाकुर जगमोहन सिंह ने दो वर्षों तक कूच बिहार स्टेट काउंसिल में मंत्री के रूप में लगन से काम किया, किन्तु यहां भी रोग ने उनका पीछा नहीं छोड़ा, सो उन्होंने यहां से भी त्यागपत्र देकर वापस घर लौट जाना उचित समझा। 4 मार्च 1899 को 42 साल की उम्र में सुहागपुर में ठाकुर जगमोहन सिंह का निधन हो गया। और अपनी विरासत के रूप में छोड़ गए कालजयी रचनाएं। जो अनंतकाल तक हिंदी साहित्य को शोभायमान करती रहेगी।



### बायरन की कविता का अनुवाद

अंग्रेजी के सुप्रसिद्ध कवि बायरन की प्रसिद्ध कविता 'प्रिजनर ऑफ शिलन' के सर्वप्रथम हिन्दी अनुवाद का श्रेय भी ठाकुर जगमोहन सिंह को ही प्राप्त है। बायरन की यह प्रसिद्ध कविता स्वाधीनता की चेतना की पृष्ठभूमि पर आधारित है जिसका अनुवाद ठाकुर जगमोहन सिंह ने 'शीलन का बन्दी' नाम से किया है। ठाकुर जगमोहन सिंह भारतेन्दु युग के किसी अन्य रचनाकार की तुलना में विदेशी कविताओं से, विशेषकर अंग्रेजी साहित्य से न केवल परिचित थे। साथ ही उसे किस तरह देशी भाषा में अनूदित कर हिन्दी के पाठकों के समक्ष लाया जाए, इसे लेकर भी चिन्तित थे। बायरन की कविता का अनुवाद इसका साक्ष्य है। ठाकुर जगमोहन सिंह के पूर्व ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता है कि अंग्रेजी कविता या विश्व-कविता का अनुवाद हिन्दी के किसी रचनाकार द्वारा उनसे पूर्व कभी किया गया हो। इस तरह ठाकुर जगमोहन सिंह हिन्दी के पहले रचनाकार हैं जिन्होंने अंग-कविता के अनुवाद का सूत्रपात किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मेम सिमंस की अंग्रेजी कविताओं का भी अनुवाद किया है।

### शिवरीनारायण में 'प्रलय' पर चली लेखनी

21, 22 और 23 जून सन 1885 में महानदी में आई बाढ़ और उससे शिवरीनारायण में हई तबाही का, महानदी के उद्गम स्थली सिहावा से लेकर अंत तक उसके किनारे बसे तीर्थ नगरियों का छंदबद्ध वर्णन उन्होंने 'प्रलय' में किया है। प्रलय सन 1889 में जब वे कूचविहार के सेक्रेटरी थे, तब प्रकाशित हुआ था। इसमें दोहा, चौपाई, सोरठा, कंडलियां, भुजंगप्रयात, तोटक और छप्पय के 116 छंद है। देखिए उनका एक छंद-

*शिव के जटा विहारिनी बही सिहावा आय।*
*गिरि कंदर मंदर सबै टोरि फोरि जल जाय।।3।।*
*राजिम श्रीपुर से सुभग चम्पव उद्यान।*
*तीरथ शबरी विष्णु को तारत वही सुजान।।4।।*
*सम्बलपुर चलि कटक लौ अटकी सरिता नाहि।*
*सरित अनेकन लै कटकपुरी पहुंच जल जाहि।।5।।*

इस बाढ़ में शिवरीनारायण का तहसील कार्यालय महानदी में डूब गया था। उसके बाद सन 1891 में तहसील कार्यालय जांजगीर में स्थानांतरित कर दिया गया और शिवरीनारायण को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। देखिए कवि की एक बानगी-

पुनि तहसील बीच जहं बैठत न्यायाधीश अधीशा।
कोष कूप (क) पर भूप रूप लो तहं पैठ्यो जलधीशा।। 37।।

inh न्यूज
शनिवार रात 7.55 बजे

### मां सरस्वती के अनन्य उपासक



ठाकुर जगमोहन सिंह ने छत्तीसगढ़ की पावन धरती को अपनी साहित्य साधना का केंद्र बनाया। उनका जन्म 4 अगस्त 1857 को हुआ था। वे मां सरस्वती के अनन्य उपासक थे और बचपन से ही साहित्य के प्रति उनकी गहरी रुचि दिखाई देने लगी थी।

-डॉ.रमन सिंह, विस अध्यक्ष, छत्तीसगढ़

### दूरदर्शी और युगद्रष्ट साहित्यकार



ठाकुर जी हिंदी साहित्य के विलक्षण और बहुमुखी प्रतिभा संपन्न रचनाकार थे। अल्पायु में ही उन्होंने भाषाओं पर अद्भुत अधिकार और काव्यात्मक परिपक्वता प्राप्त कर ली थी। कम उम्र में ही मौलिक कृतियों का सृजन कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि वे केवल विद्वान नहीं, बल्कि दूरदर्शी और युगद्रष्टा साहित्यकार थे।

-कमलेश जांगड़े, सांसद, जांजगीर-चांपा


### ठाकुर जगमोहन सिंह प्रकृति के सच्चे प्रेमी



ठाकुर जगमोहन सिंह का शिबरीनारायण से अत्यंत गहरा संबंध रहा है। वे प्रकृति के सच्चे प्रेमी थे। ठाकुर जगमोहन सिंह हिन्दी साहित्य की उस महान प्रेम-काव्य परंपरा के अंतिम कवि माने जाते हैं, जिसमें रसखान, आलम, घनानंद, बोधा ठाकुर और भारतेन्दु हरिश्चंद्र जैसे कवियों का योगदान रहा है।

-प्रो. अश्विनी केशरवानी, वरिष्ठ साहित्यकार

### एक से बढ़कर एक साहित्य का सृजन



ठाकुर साहब भारतेंदु युग के बड़े साहित्यकार थे। उनका कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ का शिवरीनारायण रहा यहां रहते हुए उन्होने एक से बढ़कर एक साहित्य का सृजन किया। उनकी स्मृति में एक पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। उनके परिवार से होना हमारे लिए गौरव की बात है।

-शारदा सिंह,
ठाकुर जगमोहन जी की वंशज

### ठाकुर जगमोहन सिंह उच्च कोटि के रचनाकार



ठाकुर जगमोहन सिंह बेमिसाल कोटि के रचनाकार थे। वे आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रवर्तक भारतेन्दु हरिश्चंद्र के निकट मित्रों में शामिल थे। बनारस के क्वींस कॉलेज में अध्ययन के दौरान उनकी मित्रता भारतेन्दु हरिश्चंद्र से हुई। साहित्यिक चिंतन और रचनात्मकता का विकास यहीं से हुआ। शिवरीनारायण में निवास करते हुए उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण साहित्यिक रचनाओं का सृजन किया, जिनसे उनकी विद्वता और साहित्य-सेवा स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

-रमेश अनुपम, वरिष्ठ साहित्यकार

### प्रकृति को काव्य का मूल आधार बनाया



ठाकुर जगमोहन सिंह ने छत्तीसगढ़ की प्रकृति के साथ गहरा तादात्म्य स्थापित कर लिया था। उनकी रचनाओं में वन, नदी, पर्वत और ग्राम्य जीवन सजीव रूप में उभरता है। हिन्दी साहित्य में उन्होंने पहली बार प्रकृति को केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि काव्य का मूल आधार बनाया। उनकी भाषा सरल, भाव प्रवण और चित्रात्मक है। उनकी कृतियां छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, संवेदना और सांस्कृतिक आत्मा की अनुपम प्रशंसा करती हैं।

-डॉ. सुशील त्रिवेदी, लेखक, पूर्व आईएएस

### भारतेन्दु-युग के सर्वाधिक प्रतिभाशाली रचनाकार



ठाकुर जगमोहन सिंह का नाम हिन्दी साहित्य के भारतेन्दु-युग के सर्वाधिक प्रतिभाशाली और बहुआयामी रचनाकारों में अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। उनके पूर्वजों का संबंध जयपुर के इक्ष्वाकु वंशीय जोगावत कछवाहे राजपूत घराने से था, जो अपनी वीरता, प्रशासनिक क्षमता और सांस्कृतिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध रहा है। इस गौरवशाली राजपूत वंश की परंपराएं ठाकुर जगमोहन सिंह के व्यक्तित्व और साहित्य दोनों में परिलक्षित होती हैं।

-राजेन्द्र ठाकुर, साहित्यकार

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com